तापमान

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 09.0 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024




11 सत्य परेशान हो सकता है, पराजित कभी भी नहीं हो सकताः पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश



11 वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



## खबर संक्षेप

### बैडमिन्टन स्पर्धा का चयन स्पर्धा 26 से

**भिलाई।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 15 से 18 जनवरी 2025 तक दुर्गापुर में सेल कर्मचारी (पुरूष एवं महिला) बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बीएसपी की टीम भी भाग ले रही है। इसमें भाग लेने के लिये इंडोर स्टेडियम, सिविक सेंटर, में 26 से 28 दिसम्बर तक शाम 6 बजे से बीएसपी टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। इच्छुक बीएसपी कर्मचारी 23 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक चयनकर्ता प्रवीण उपाध्याय तथा टी बुरिलके पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

### वाहन समेत भवन निर्माण सामग्री जब्त

**भिलाई।** सड़क किनारे भवन निर्माण सामाग्री को बिना अनुमति एकत्र करने पर कार्रवाई की। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर वैभव ट्रेडर्स से ईट, रेत व गिट्टी को जब्त किया। सरिया व ऐंगल से बने झूला को स्वतः हटाने मोहलत दी गई। बिना अनुमति सड़क किनारे बिक्री के लिए भंडारण कर रखे ईट, रेत और गिट्टी को जब्त किया गया। भवन निर्माण सामाग्री सड़क पर फैलने की वजह से दुर्घटना की संभावना बढ़ गई थी। बार-बार चेतावनी का असर नहीं होने पर निगम के राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे के नेतृत्व में टीम ने जब्ती कार्रवाई की। सड़क के बीचों -बीच 10 चक्का मेटाडोर खड़ी कर रखा था। इसके अलावा रेत व गिट्टी अनलोड करने के लिए छोटा जेसीबी भी बेतरतीब तरीके से रखा हुआ था। वाहन को हटाने जब अधिकारियों ने दबाव बनाया तो संचालक बहस करने लगा। इसे देख अधिकारियों ने वाहन को नेवई थाना परिसर में खड़ी कराया। कार्रवाई में विवेक रंगनाथ, विनोद शुक्ला, टिकेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे। सड़क किनारे भवन निर्माण सामाग्री रखने की शिकायत नागरिक लगातार कर रहे है। शिकायत का निराकरण करते निगम के अधिकारियों ने नोटिस भी जारी किया गया। नोटिस का असर नहीं होने पर निगम ने कार्रवाई की।

### बच्चों के लिए विंटर कार्निवाल 25 से

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग द्वारा प्रथम बार 5 दिवसीय विंटर कार्निवाल का आयोजन 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित है। क्लास 5 से क्लास 8 तक के विद्यार्थीयो के लिए निशुल्क रहेगा, जिसका समय सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक रहेगा। कार्निवाल में बच्चों को आंतरिक शक्ति के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन का अभ्यास, फन एंड वैल्यू गेम्स, एकाग्रता के वृद्धि हेतु एक्टिविटी, वर्कशॉप मुख्य रहेंगे।

# ठंड से बच्चों को मिलेगी राहत, अब एक घंटे देर से लगेगा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिले में ठिठुरती ठंड को देखते हुए आखिरकार जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों का समय बदल दिया है। छोटे बच्चों को इस बदलाव से राहत मिलेगी। हरिभूमि ने नर्सरी, केजी और प्राइमरी क्लास के बच्चों की अलसुबह हो रही दिक्कतों को प्रमुखता से प्रकाशित किया। कलेक्टर ने इसे संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा को निर्देश दिए। इस निर्देश का पालन करते हुए स्कूल सुबह एक घंटे देर से लगेगी। शाम को दोपहर पाली वाले बच्चों की छुट्टी भी एक घंटे पहले दी जाएगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से यानी शुक्रवार 20 दिसंबर से ही लागू हो जाएगी।

खबर असर

### बीएसपी व प्राइवेट सहित सभी स्कूलों में बदलाव

जिला शिक्षा विभाग ने कहा है कि वर्तमान में जिले में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के प्रकोप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, बी.एस.पी., सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम संचालित विद्यालयों के संचालन समय में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन किया गया है। इस आदेश से दुर्ग जिले के बीएसपी, 1011 सरकारी और 567 गैर सरकारी स्कूलों के करीब 4 लाख बच्चों को सुविधा होगी।

### सुबह 8:30 बजे से लगेंगे स्कूल, शाम को 4 बजे ही मिल जाएगी बच्चों को छुट्टी



नर्सरी व प्राइमरी के बच्चों को स्कूल से राहत दिलाने की दरकार

ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे हैं बच्चे, सेहत पर हो रहा असर

### इस तरह संचालित होंगे स्कूल

दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं सोमवार से शुक्रवार तक प्रथम पाली के लिए प्रातः 8.30 से 11.30 बजे तक एवं शनिवार को अपरान्ह 12 बजे से शाम 4 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार द्वितीय पाली में संचालित होने वाले शालाओं सोमवार से शुक्रवार तक के लिए अपरान्ह 12 बजे से शाम 4 बजे तक व शनिवार को प्रातः 8.30 बजे से 11.30 बजे तक किया गया है। एक पाली में संचालित होने वाली शालाओं सोमवार से शुक्रवार तक के लिए प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक व शनिवार को प्रातः 8.30 बजे से 11.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

### बच्चों की स्वास्थ्यगत समस्या होगी दूर

प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी,केजी व प्राइमरी क्लास के बच्चों की सुबह 7.30 बजे से ही क्लास लगाई जा रही थी। जिसकी वजह से बच्चों को अलसुबह ही उठना पड़ता था। स्कूल के लिए पालक अपने बच्चों को सुबह 6 बजे से तैयार करवाते। नतीजा बच्चों की सेहत पर असर होने लगा था। मौसमी बीमारी कई बच्चों को होने लगी थी। स्कूल के समय परिवर्तन से बच्चों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

### 23 से शीतकालीन अवकाश शुरू

जिला शिक्षा अधिकारी के इस आदेश का पालकों ने स्वागत किया है। हालांकि स्कूलों में शीतकालीन अवकाश 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक घोषित की गई है। इस हिसाब से दो दिन की समय से पहले स्कूल लगेगी लेकिन पालकों ने इसे भी सराहा है। पालकों का कहना है कि छोटे बच्चों के लिए दो दिन की राहत ही काफी है। कई प्राइवेट स्कूलों में वार्षिक उत्सव भी चल रहा है।

### आज से लागू

बीएसपी, सरकारी, गैर सरकारी, अनुदान प्राप्त, सीबीएसई संचालित पाठ्यक्रम वाले सभी स्कूलों का समय शुक्रवार से बदले हुए समय पर लगना है। हमने सभी स्कूल प्रबंधकों को इसके आदेश भेज दिए हैं। बढ़ती ठंड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

**-अरविंद मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी

**निकाय चुनाव की आहट:** 10 से ज्यादा दिग्गज पार्षद वर्तमान वार्डों से नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

# महापौर सहित कांग्रेस और भाजपा के दिग्गजों पर आरक्षण का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आगामी दिनों होने वाले नगरीय-निकाय चुनाव को लेकर जिला कार्यालय में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस आरक्षण में एमआईसी के पांच सदस्य चुनाव नही लड पाएंगे, वही महापौर का वार्ड भी पिछडा वर्ग के कोटे में जाने से वे भी वंचित हो जाएंगे। वही बचे सात मेंबर निकाय चुनाव में रीपिट हो सकते हैं। जिला कार्यालय में नगरनिगम, परिषद और नगर पंचायतों का आरक्षण काफी गहमागहमी के बीच पूरा कर लिया गया हैं।

जानकारी अनुसार एमआईसी के वार्ड 14 के शंकर सिंह ठाकुर, गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक कल्याण समिति के प्रभारी थे, उनका वार्ड अब महिला के लिए आरक्षित हो गया हैं। वहीं वार्ड 41 के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी हामीद खोखर का वार्ड भी महिला हो गया है। इसके आलावा बाजार विभाग के प्रभारी वार्ड 36 के पार्षद ऋषभ जैन का वार्ड महिला हो गया हैं, वहीं वार्ड 54 के पार्षद व सांस्कृतिक मनोरंजन एवं विकास संरक्षण समिति के प्रभारी अनुप चंदानी का वार्ड महिला हो गया हैं और वार्ड सात के पार्षद व खेल विभाग के प्रभारी मंदीप भाटिया का वार्ड ओसीसी होने के कारण वे भी चुनाव लडने से वंचित हो जाएंगे। इस तरह पांच सदस्य आरक्षण के चपेट में आ गए है। इसी तरह आरक्षण से सेफ जोन में एमआईसी के सात सदस्य है। जिसमें वार्ड 43 से दीपक साहू वित लेखा प्रभारी का वार्ड सामान्य, वार्ड 57 की पार्षद जमुना साहु महिला बाल विकास प्रभारी का वार्ड सामान्य, भोला महोबिया विद्युत विभाग प्रभारी का वार्ड 30 सामान्य, सत्यवती वर्मा वार्ड 26 व पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी का वार्ड सामान्य, संजय कोहिले जल विभाग प्रभारी का वार्ड 13 सामान्य हैं, वहीं अब्दुल गनी पीडब्ल्यूडी प्रभारी वार्ड आठ सामान्य व जयश्री जोशी सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी वार्ड 60 सामान्य महिला हो गया है। इस तरह सात मेंबर फिर से चुनाव लड सकते हैं, वही पांच प्रभावित हो गए हैं। आरक्षण के दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला उप निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह, आयुक्त सुमीत अग्रवाल, एसडीएम हरवंश मिरी व तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### निगम के 18 वार्ड में महिलाओं का रहेगा दबदबा, ओबीसी में भी 6 वार्ड

#### 60 वार्डों में आरक्षण की स्थिति

आरक्षण प्रक्रिया के बाद वार्ड 1 सामान्य मनीष साहू (भाजपा), वार्ड 2 सामान्य चमेली साहू (पार्षद) वार्ड 3 ओबीसी नरेंद्र बंजारे (भाजपा) वार्ड 4 सामान्य महिलाएं लीना देवांगन (भाजपा) वार्ड 5 सामान्य सत्यवती पटेल (कांग्रेस) वार्ड 6 सामान्य राजेश यादव (कांग्रेस) वार्ड 7 ओबीसी मंदीप भाटिया (कांग्रेस) वार्ड 8 सामान्य अब्दुल गनी (कांग्रेस) वार्ड 9 ओबीसी बिजेंद्र भारद्वाज (कांग्रेस) वार्ड 10 सामान्य शेखर चंद्राकर (भाजपा) वार्ड 11 ओबीसी सतीश देवांगन (कांग्रेस) वार्ड 12 एससी अजीत वैद (भाजपा) वार्ड 13 सामान्य संजय कोहले (कांग्रेस) वार्ड 14 एसटी महिला शंकर ठाकुर (कांग्रेस) वार्ड 15 अनुसूचित जनजाति उषा ठाकुर (कांग्रेस) वार्ड 16 सामान्य खिलावन मटियारा (कांग्रेस) वार्ड 17 महिला ओबीसी देवनारायण चंद्राकर (भाजपा) वार्ड 18 ओबीसी निर्मला साहू (कांग्रेस) वार्ड 19 एससी महिला काशीराम रात्रे (कांग्रेस) वार्ड 20 ओबीसी महिला अमित देवांगन (कांग्रेस) वार्ड 21 सामान्य महिलाएं अरुण सिंह (भाजपा) वार्ड 22 एससी काशीराम कोसरे (भाजपा) वार्ड 23 ओबीसी मीना सिंह ( वार्ड 24 ओबीसी महिला नरेश तेजवानी (भाजपा) वार्ड 25 ओबीसी महिला राजकुमार नारायणी (कांग्रेस) वार्ड 26 सामान्य सत्यवती वर्मा (कांग्रेस) वार्ड 27 ओबीसी मनीष बघेल (कांग्रेस) वार्ड 28 सामान्य महिलाएं ओमप्रकाश सेन (भाजपा) वार्ड 29 सामान्य महिलाएं बबीता यादव (निर्दलीय) वार्ड 30 सामान्य भोला महोबिया (कांग्रेस) वार्ड 31 सामान्य मदन जैन (कांग्रेस) वार्ड 32 ओबीसी धीरज बाकलीवाल (कांग्रेस) वार्ड 33 सामान्य महिलाएं शशि साहू (भाजपा) वार्ड 34 ओबीसी कमल देवांगन (भाजपा) वार्ड 35 सामान्य कुलेश्वर साहू (निर्दलीय) वार्ड 36 ओबीसी ऋषभ जैन (कांग्रेस) वार्ड 37 एससी श्रद्धा सोनी (कांग्रेस) वार्ड 38 ओबीसी नीता जैन (निर्दलीय) वार्ड 39 सामान्य पुष्पा गुलाब वर्मा वार्ड 40 ओबीसी महिला नजहत परवीन (कांग्रेस) वार्ड 41 ओबीसी महिला हमीद खोखर (कांग्रेस) वार्ड 42 सामान्य प्रीति गीते (कांग्रेस) वार्ड 43 सामान्य दीपक साहू (कांग्रेस) वार्ड 44 एससी प्रकाश जोशी (कांग्रेस) वार्ड 45 सामान्य हेमा जग्गी शर्मा (भाजपा) वार्ड 46 ओबीसी कमला शर्मा (कांग्रेस) वार्ड 47 एससी कविता तांडी (भाजपा) वार्ड 48 अनुसूचित जनजाति माहेश्वरी ठाकुर (कांग्रेस) वार्ड 49 ओबीसी भास्कर कुंडले (भाजपा) वार्ड 50 सामान्य महिलाएं ज्ञानदास बंजारे (कांग्रेस) वार्ड 51 सामान्य प्रेमलता साहू (कांग्रेस) वार्ड 52 सामान्य खुद गायत्री साहू (भाजपा) वार्ड 53 सामान्य अजय वर्मा (भाजपा) वार्ड 54 एससी महिला अनूप चंदनिया (कांग्रेस) वार्ड 55 ओबीसी हेमेश्वरी निषाद (निर्दलीय) वार्ड 56 सामान्य कुमारी साहू (भाजपा) वार्ड 57 सामान्य जमुना साहू (कांग्रेस) वार्ड 58 सामान्य महिलाएं बृजलाल पटेल (कांग्रेस) वार्ड 59 सामान्य महिलाएं शिवेंद्र परिहार (भाजपा) वार्ड 60 सामान्य महिलाएं जयश्री जोशी (भाजपा) हैं।



#### नगर पालिका अहिवारा

| वार्ड | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|
| 1 | जनरल |
| 2 | जनरल |
| 3 | एससी महिला |
| 4 | एसटी |
| 5 | जनरल |
| 6 | जनरल |
| 7 | जनरल महिला |
| 8 | जनरल महिला |
| 9 | जनरल महिला |
| 10 | ओबीसी महिला |
| 11 | ओबीसी |
| 12 | ओबीसी |
| 13 | एससी |
| 14 | जनरल |
| 15 | ओबीसी |

#### नगर पालिका पाटन

| वार्ड | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|
| 1 | जनरल |
| 2 | जनरल |
| 3 | जनरल |
| 4 | ओबीसी महिला |
| 5 | ओबीसी |
| 6 | जनरल महिला |
| 7 | एसटी महिला |
| 8 | जनरल |
| 9 | एससी |
| 10 | जनरल |
| 11 | ओबीसी |
| 12 | जनरल महिला |
| 13 | जनरल महिला |
| 14 | ओबीसी |
| 15 | एसटी |

#### नगर पालिका अम्लेश्वर

| वार्ड | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|
| 1 | ओबीसी |
| 2 | जनरल |
| 3 | जनरल |
| 4 | ओबीसी |
| 5 | एससी |
| 6 | जनरल महिला |
| 7 | जनरल |
| 8 | जनरल |
| 9 | जनरल महिला |
| 10 | एसटी महिला |
| 11 | जनरल |
| 12 | ओबीसी महिला |
| 13 | ओबीसी महिला |
| 14 | जनरल महिला |
| 15 | ओबीसी |
| 16 | जनरल |
| 17 | ओबीसी |
| 18 | एसटी |

#### नगर पालिका कुम्हारी

| वार्ड | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|
| 1 | एससी |
| 2 | जनरल |
| 3 | एसटी |
| 4 | ओबीसी |
| 5 | जनरल |
| 6 | एससी |
| 7 | जनरल महिला |
| 8 | जनरल |
| 9 | ओबीसी |
| 10 | ओबीसी |
| 11 | जनरल महिला |
| 12 | ओबीसी महिला |
| 13 | जनरल |
| 14 | जनरल |
| 15 | जनरल |
| 16 | ओबीसी |
| 17 | एससी महिला |
| 18 | जनरल |
| 19 | जनरल महिला |
| 20 | एसटी महिला |
| 21 | ओबीसी महिला |
| 22 | एससी |
| 23 | जनरल |
| 24 | जनरल महिला |

### मेयर भी प्रभावित, कई दिग्गज भी चुके

आरक्षण के दौरान जिला कार्यालय में महापौर धीरज बाकलीवाल भी उपस्थित थे। लेकिन उनका वार्ड 32 ओबीसी हो गया, जिससे उन्हें उदासी हाथ लगी। वही सभापति राजेश यादव का वार्ड छः सामान्य हो गया हैं। इसलिए वे सेफ हैं। इसके आलावा भाजपा के कई दिग्गज पार्षदों का आरक्षण बदल गया है, जिसमें वार्ड सत्रह से देवनारायण चंद्राकर महिला ओबीसी हो गया, अरुण सिंह सामान्य महिला, नरेश तेजवानी वार्ड चौबीस ओबीसी महिला, ओमप्रकाश सेन वार्ड 28 सामान्य महिला, शिवेन्द्र परिहार वार्ड 59 का सामान्य महिला हो गया। इस तरह कांग्रेस से 31 के पार्षद मदन जैन का वार्ड सामान्य महिला हो गया है। वार्ड-38 के पार्षद नीता जैन का वार्ड ओबीसी हो गया है। पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी का वार्ड 25 ओबीसी महिला हो गया है। वार्ड-4 से पूर्व सभापति दिनेश देवांगन एक बार फिर चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। वार्ड सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। भाजपा के भी दिग्गज पार्षदों का वार्ड ज्यादातर महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया हैं।

### बीस ओबीसी वर्ग को, जिसमें छः महिला लड़ेगी

नगरनिगम दुर्ग में पिछडा आयोग द्वारा ओबीसी की आबादी 41.46 माना गया हैं। जिसके आधार पर पन्द्रह से बढकर इस बार ओबीसी के खाते में बीस वार्ड जाएंगे। इसमें छः महिलाओं के लिए आरक्षित है, जिसमें महिला सत्रह वार्ड, बीस, चौबीस, पच्चीस, चालीस, 41 वार्ड महिला के लिए होगें। वहीं शेष चौदह वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसी तरह महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण के लिए अनुसार 18 वार्ड उनके लिए आरक्षित किए गए हैं। पिछडा वर्ग के बाद सामान्य के कोटे में 29 वार्ड आए है, जिसमें सात महिला वार्ड के लिए आरक्षित किए गए हैं।

# बेटी की शादी के लिए रखे पांच लाख और जेवर जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सब्जी व्यापारी के घर में आग लगने मामला सामने आया है। घटना में 5 लाख रुपए कैश और जेवर जलकर राख हो गया। घटना शार्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 8 कृष्णा नगर निवासी हीरामन साव व रूबी देवी के मकान में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गई। हीरामन साव का परिवार सब्जी का व्यापार करते हैं। हीरामन साव की पत्नी रूबी देवी ने बताया कि घर के सभी लोग शांति भोज कार्यक्रम में गए हुए थे। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने सूचना दी कि घर पर आग गई है। सभी भागे-भागे घर पहुंचे तो देखा कि पूरा मकान जल गया। छप्पर जलने के साथ ही घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। पेटी के भीतर रखे 500-500 रुपए के नोटों के बंडल जल गए थे। इसके अलावा सोने के जेवर भी पिघल गया। इसकी सूचना सुपेला पुलिस को दी। बताया जाता है कि दो माह बाद परिवार में राहुल साव की शादी है। घर पर उसकी तैयारियां चल रही थी। एक दिन पहले बंधन बैंक से 1 लाख 20 हजार रुपए लोन लिया था। शादी के खर्च के लिए पांच लाख रुपए कैश व सोने की ज्वेलरी घर पर रखी थी। आगजनी से पूरा कैश जल गया है। जला हुए कैश के अवशेष दिख रहे हैं। बच्ची का अंकसूची भी जलकर खाक हो गया।

### पाठचक्र सम्मेलन 21 से

**भिलाई।** श्री अरविंदो योग साधना केंद्र सेक्टर-7 और छत्तीसगढ़ के श्री अरविंदो केंद्रों द्वारा आयोजित तृतीय अरविंदो राष्ट्रीय महिला पाठचक्र सम्मेलन 21 और 22 दिसंबर को समग्र महिला सशक्तिकरण विषय पर सम्मेलन आयोजित है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेन्टर में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन महिलाओं के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर केंद्रित होगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं के समग्र विकास और उनके आत्मनिर्भरता के मार्ग को प्रोत्साहित करना है। 21 को उद्घाटन किया जाएगा। दिव्य युग स्थापना में नारी की भूमिका विषय पर डॉ. श्यामा कनुंगो विचार रखेंगे। विशेष रूप से डॉ. बिजयीनी मोहापात्रा उद्घाटन भाषण देंगी।

सेक्टर-9 हास्पिटल से रामकृष्ण अस्पताल रायपुर भेजे गए मरीज

# ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तीन गंभीर मरीजों को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

यातायात पुलिस ने दो दिनों में तीन गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया। सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती मरीजों को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर पहुंचाया गया। भिलाई से रायपुर के मध्य ट्रैफिक की समस्या है और गंभीर मरीजों को कम समय में हॉस्पिटल में दाखिल करवाने की जरूरत होती है। मौजूदा स्थिति में ग्रीन कॉरिडोर की अच्छा उपाय है।

### यातायात पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कर बनाया कॉरिडोर

#### केस वन



सेक्टर 09 हास्पिटल में आमेश कुमार उम्रं 68 साल पता इस्पात नगर रिसाली का इलाज चल रहा था। इलाज दौरान स्वास्थ्य सुधार न होने पर उसे रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर में दाखिल करवाने की जरूरत पड़ी। इस मरीज को सेक्टर 9 हॉस्पिटल से दोपहर 4 बजे रवाना किया गया । महज 38 मिनट में इस मरीज को हॉस्पिटल तक ले जाया गया।

#### केस दो

बुधवार की रात को नागपुर की 3 साल की बच्ची के इलाज के लिए ग्रीन कॉरिडोर बना। गंभीर बच्ची को नागपुर से नया रायपुर सत्य साईं हॉस्पिटल ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। जिसे यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा रात्रि 1:30 बजे अंजोरा बाईपास से पायलटिंग कर कुम्हारी टोल प्लाजा क्रॉस करवाया गया।

#### केस तीन



सेक्टर 9 हास्पिटल के आईसीयू में भर्ती इस्पातनगर निवासी बीएसपी के पूर्व कार्मिक आमोस कुमार को भी गुरुवार को गंभीर स्थिति में ग्रीन कारिडोर बनाकर एंबूलेंस से मात्र 43 मिनट में रामकृष्ण अस्पताल रायपुर ले जाया गया। उन्हें 17 दिसंबर को मैसिव हार्ट अटैक आने पर परिजनों द्वारा जेएलएन हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार नही होता देख दोपहर 2.50 बजे रिफर किया गया। आमोस कुमार के पुत्र जानसन कुमार ने बताया कि रामकृष्ण हास्पिटल तक ग्रीन कारिडोर बनवाने में दुर्ग के एसपी जीतेंद्र शुक्ला व ट्रैफिक पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। यहां डाक्टरों की भी हौसलाआफजाई से जल्द स्वस्थ होने का विश्वास बढ़ा है।

**पुलिस अधिकारियों ने बनाई रणनीति**

जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश व ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में ग्रीन कॉरिडोर बना। यातायात के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा मिलकर बनाये गये ग्रीन कोरिडोर एवं हाइवे पेट्रोलिंग की सहायता से मात्र 38 मिनट में एम्बुलेंस को सेक्टर 9 हास्पिटल भिलाई से रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर पहुंचाया गया। जिसमें हाईवे पेट्रोलिंग-02 के द्वारा पायलेटिंग किया गया तथा चौक-चौराहों में यातायात के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा मोर्चा संभाला गया।




# जेठ ने महिला आयोग में बहू के सामने कान पकड़कर मांगी माफी

## ढीमर समाज ने सामाजिक बहिष्कार समाप्त करने सार्वजनिक घोषणा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्यगण श्रीमती ओजस्वी मण्डावी, लक्ष्मी वर्मा और दीपिका सोरी ने आज कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभा कक्ष जिला दुर्ग में महिला उत्तपीडन से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तरीय 299 वीं सुनवाई हुई। दुर्ग में 11 वीं सुनवाई। दुर्ग में आज जनसुनवाई में कुल 32 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। 08 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये। आज की सुनवाई में एक प्रकरण में आवेदिका द्वारा बताया गया कि, उसने 2 वर्ष 6 माह पहले आवेदन दिया। जिसमें प्रधान आरक्षक ने कार्यवाही कुछ नही किया और आवेदन शिकायत के घर पर भेज दिया। गोपनीयता भंग किया सीएसपी ने प्रधान आरक्षक को समझाईश देकर प्रकरण का निराकरण करा दिया था। प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है। एक प्रकरण में अनावेदकगण के द्वारा आवेदिका से अशलील गाली गलौच किया गया था।

जिसको लेंकर थाना उतई में उभय पा का समझौता हो चुका था। जिसके बाद से सभी अनावेदनकगण उस संयुक्त परिवार से अलग रहने चले गये थे, इसकी पुष्टि अनावेदक कमांक 3 ने किया जो कि घर का बुर्जुग है। वर्तमान में अनावेदक के साथ रहता है। आवेदिका के पास अनावेदक के द्वारा दिये गये गाली का आडियो रिकार्डिंग सदस्यों ने सुना बहुत आपत्तिजनक था, जिस पर उसके द्वारा आवेदक से कान पकड़कर माफी मांगा है। एक प्रकरण में ढीमर समाज द्वारा आवेदिका का सामाजिक बहिष्कार का मामला सामने आया। जिस पर समाज ने ऐसा नही करने की बात कही और व समाज में आने जाने के निये स्वतंत्र है। प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है।

### पेशी में उपस्थिति नहीं होने से महिला थी परेशान

उभय पक्ष उपस्थित अनावेद कमांक 1 अनावेदक कमांक 2 राजकुमार देशमुख सहा. उप. निरी. थाना उतई जो वर्तमान में जामगांव जिला दुर्ग में पदस्थ है। उनके द्वारा पेशी में उपस्थित नहीं हो पाने का आवेदन दिया है। प्रकरण काफी गंभीर है, अनावेदिका के पति अनावेदक के पास है जो डॉक्टर था। जहाँ उसने अनावेदक कमांक 1 को 400 रूपए ऑनलाईन पे किया गया है। अनावेदक की मृत्यु हो गई है। आधे घंटे के बाद आवेदिका की पति का मृत्यु हो गया। लेकिन उसे जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां की उसकी मृत्यु की घोषणा हुई। इस पूरे मामले में आवेदिका उसके ससुर का पुलिस बयान बदलने में अनावेदक कमांक-2 की संलिप्पतता की ओर आवेदिका पक्ष ने ध्यान आकृष्ट कराया है। अनावेदक कमांक 1 को चिकित्सीय डिग्री और लाइसेंस व अन्य संबंधित प्रमाण पत्र लेकर आयोग में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया तथा अनावेदक कमांक 2 को भी आवश्यक रूप से समस्त जांच प्रकिया की प्रति लेकर आवश्यक रूप से उपस्थित होने की सूचना एसपी दुर्ग के माध्यम से भेजी जाए। ताकि आगामी पेशी में प्रकरण का निराकरण पर कार्यवाही हो सकें।

### बगैर तलाक के विवाह और बच्चे




एक प्रकरण में अना. ने बताया कि, आवे. और उसके माध्यम दिनांक 18.08.2020 को एक लिखित इकरारनामा बना था जिसमें उसका वापस कर दिया था इसके बाद वह फिर सासथ रहने आई थी। कुछ दिन रहने के बाद फिर मायके चली जाती थी उसके पिता का काफी हस्ताक्षेप था। 2021 में गई उसके बाद से अब तक वापस नहीं आई है आवे. के पिता उसे मारवाने के लिए लोगों को बोलते थे इस कारण वह आवे. और बच्चें को रखने से मना किया था। आयोग के द्वारा समझाईस दिये जाने पर अना. ने यह स्वीकार किया कि उसने आवे. से तलाक लिए बगैर दूसरी महिला से बेटा पैदा कर लिया है जो 15 दिन का इस लिए आवे. के साथ अपने रिश्ते जारी नही कर पायेगा अपने 2 वर्ष 06 का माह के पूरे परवरिश के एक मुश्त 5 लाख देने के लिए तैयार है जिस पर आवे. भी सहमत है। आवेदिका से अपनी आपसी सहमति से तलाक लेने के एवज में 5 लाख रूपये की मांग किया है। जिस पर अनावेदक ने समय की मांग की है। मुकरने पर उसके खिलाफ बिना तलाक के दूसरे विवाह और बच्चें पैदा करने के लिए मामले को लेकर अना. के खिलाफ मामला दर्ज करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास का जीवन निष्काम कर्म योगी जैसे बिता : वोरा



दुर्ग। गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने समर्पण और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बालक छात्रावास, दीपक नगर से लेकर वार्ड 59 कातुलबोर्ड, संतोषी चौक बोरसी बस्ती, पोटिया कला आबादी पारा, सतनाम भवन बाबा गुरु घासीदास वार्ड 44 कसारीडीह, और पोटिया कला वार्ड 54 पुरानी बस्ती सतनामी पारा में आयोजित कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रत्येक स्थान पर उपस्थित सतनामी समाज के लोगों से मिलकर उन्होंने गुरु घासीदास जी के सिद्धांतों और संदेशों का स्मरण किया और समाज को उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। अरुण वोरा ने कहा, ₹गुरु घासीदास जी का जीवन और उनके संदेश हमें समानता, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

### इण्डस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर संरक्षित क्षेत्र घोषित

दुर्ग। जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमि, बोरई इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर ग्राम व पोष्ट-रसमुडा जिला दुर्ग क्षेत्र के सपूर्ण क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया हैं। जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 26 (1) (2) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफनं. 31-114-90 सीआई द्वारा जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के अनुसार, जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमि, बोरई इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर के सपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया हैं। जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी के निर्देशानुसार उक्त संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक कंपनी द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोडकर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश 06 दिसंबर 2024 से अधिकतम एक वर्ष के लिए लागू रहेगा एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।

### आरएसएस के प्रतिनिधियों को सौंपा



दुर्ग। योगा मित्र मंडल दादा दादी नाना नानी पार्क दुर्ग के द्वारा प्रयागराज में आयोजित हरित महाकुम्भ और प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ के लिए 217 थैला और थाली का सहयोग दिया गया। इस सहयोग कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अर्जुन, दुर्ग नगर सहकार्यवाह अंजय ताम्रकार, वरिष्ठ स्वयंसेवक पूनमचंद जैन, नगर प्रचार प्रमुख मनोज ताम्रकार उपस्थित थे। योगा मित्र मंडल दादा दादी नाना नानी पार्क दुर्ग के योग साधक और साधिकाओं के सहयोग से योगगुरु श्यामदेव चंद्राकर के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। और महाकुंभ में जाने वाले अपने परिचितों और परिवारों को भी प्लास्टिक मुक्त कुम्भ स्नान करने और कचरा नही फैलाने का संकल्प लिया गया।

## सहकारी समिति के कर्मचारी संघ ने खरीदी बंद करने दी चेतावनी

# उपार्जन केन्द्रों से उठाव नहीं होने पर 23 से खरीदी करेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मिलरों के हडताल से वापस लौटने के बाद भी उठाव में तेजी नही आई है। हालात यह है कि, जाम से हालकान समिति प्रबंधको ने अब मोर्चा खोल दिया हैं। उन्होने प्रशासन को ज्ञापन देकर आगामी 23 दिसंबर से उठाव नही हुआ तो खरीदी बंद करने की चेतावनी दे दी गई है। जिसके बाद प्रशासन की चुनौती बढ जाएगी, वही किसानों को एक बार फिर खामियाजा भुगतान पड़ेगा। जानकारी अनुसार जिले के केन्द्रों में बफर लिमिट से 4-5 गुना अधिक धान जाम हो गया है। लंबे समय से उठाव नही किए जाने के कारण प्रबंधको को सूखत के चलते नुकसान का सामना करना पडेगा। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि, खरीफ विपन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ हुआ है, खरीदी शुरू हुए एक माह से ऊपर होने जा रहा है, दुर्ग जिला सहित प्रदेश के उपार्जन केन्द्रों में धान का स्टॉक बफर लिमिट से 4 से 5 गुना अधिक हो गया है। परिवहन की गति काफी धीमी होने के कारण धान जाम है। पूर्व वर्षों में धान खरीदी प्रभारी पर व्यक्तिगत जवाबदारी तय करते नुकसान होने पर भरपाई कराई गई हैं। ऐसी कार्यवाही को लेकर कर्मचारी काफी चिंतित एवं भयभीत है। जिसके कारण छ.ग. सहकारी समिति कर्मचारी संघ, छ.ग. सहकारी बैंक कर्मचारी संघ एवं छ.ग. सहकारी कम्प्युटर ऑपरेटर संघ ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया है, कि 20 दिसंबर तक बफर लिमिट से ऊपर धान का परिवहन अतिशीघ्र कराया जावें, परिवहन संतोषजनक नही होने पर 23 दिसंबर से प्रदेश के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य बंद रहेगी।

**खास बातें**

- उठाव नहीं होने से परेशान प्रबंधको ने दी बंद की चेतावनी
- जिले के 102 सोसायटी में 26 लाख क्विंटल से अधिक का धान जाम

### मिलरों के हड़ताल बाद भी नहीं सुधर रही उठाव की स्थिति



### संघ ने इन मांगों को दोहराया

हरिभूमि सरोकार

इसी प्रकार उन्होंने अन्य लंबित मांगों को भी पूरा करने की मांग करते कहा कि, धान खरीदी वर्ष 2023-24 का धान खरीदी का कमीशन राशि समितियों को अतिशीघ्र दिया जाए। इसी प्रकार धान खरीदी वर्ष 2024-25 का धान खरीदी अनुबंध में पत्र क्रं./एफ 4-9/2024/29-1/नवा रायपुर दिनांक 12 दिसंबर 2024 को शामिल कर अनुबंध करने हेतू मार्कफेड को आदेशित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में छ्ग सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र सोनगेर, जागेश्वर साहू, ईश्वर श्रीवास एवं अन्य पदाधिकारी शामिल है।

### जिले में 26 लाख क्विंटल खरीदी, डीओ सात लाख

जिले में अब तक 55147 किसानों से 26 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी कर ली गई हैं। लेकिन धान उठाव के लिए डिलीवरी आर्डर मिलरों को सिर्फ सात लाख क्विंटल का ही जारी किया गया है। वही उठाव भी बेहद कम किया गया। अब तक मिलरों ने सिर्फ डेढ लाख क्विंटल का धान उठाया है। इधर सेलूद, अरसनारा, जेवरा और कोडिया संग्रहण केन्द्र खोलने के बाद भी ट्रांसपोर्टरों को सिर्फ 40 हजार क्विंटल का टीओ जारी किया गया है। इस तरह स्थिति जिले में उठाव को लेकर दयनीय बनी हुई हैं। हांलाकि 119 मिलरों ने 83 लाख क्विंटल का एग्रीमेंट कर लिया है, लेकिन उठाव नही कर रहे हैं।

## सहकारी बैंक में आवास ऋण घोटाले की होगी अंतिम जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केनद्रिय बैंक में आवास ऋण घोटाले की अंतिम जांच के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए है। इसके लिए जांच अधिकारी एसपी वाहने को नियुक्त किया गया है। प्रारंभिक जांच के बाद दोषियों को आरोप पत्र जारी किए गए थे। जवाब आने के बाद अब अंतिम जांच के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए है। माना जा रहा है कि, इस मामले में अब दोषियों पर कार्यवाही होगी।

उल्लेखनीय है कि, बेमेतरा जिले के देवकर और मुरमुंदा शाखा में करीब 19 लाख रूपए होम लोन गडबडी के मामले सामने आए थे। इसके आलावा नगपुरा ब्रांच में आवास ऋण के नाम पर ढाई करोड रूपए की गडबडी उजागर हुई थी। हरिभूमि द्वारा लगातार खबर प्रकाशित किए जाने के बाद कलेक्टर व प्राधिकृत अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने सीईओ को जांच कराने के निर्देश दिए थे। सूत्रों ने बताया कि, मामले में प्रारंभिक जांच सीईओ द्वारा कराई जा चुकी हैं, वही आरोप पत्र जारी करने के बाद जवाब भी आ गए है।

- कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ ने जारी किए है आरोप पत्र

अब अंतिम जांच के लिए जांच अधिकारी द्वारा दोषियों को आरोप पत्र जारी किया गया था। जिसका जवाब आने के बाद अंतिम जांच कराई जा रही हैं।

### ये था आवास ऋण का मामला

पूर्व में किए गए जांच अनुसार देवकर शाखा में 11 लाख रूपए का घोटाला कर बैंक को नुकसान पहुंचा गया है। तत्कालीन शाखा प्रबंधक राकेश सैनिक द्वारा किया गया था। जिन्हें दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में नगपुरा में शाखा प्रबंधक है। इसी तरह शाखा मुरमुंदा में भी आठ लाख राशि ढकार कर खाता को एनपीए किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा को खाता एनपीए होने पर दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में बोरसी शाखा प्रबंधक है। वही नगपुरा ब्रांच में भी ढाई करोड का आवास ऋण घोटाला है। इन सभी की पूर्व में जांच हो चुकी हैं। लेकिन कलेक्टर द्वारा नए सिरे से जांच कराई जा रही हैं।




## सुशासन का एक सालः मनाया जा रहा जनादेश परब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ₹सुशासन का एक सालः छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल₹ अभियान के अंतर्गत जनादेश परब मनाया जा रहा है। इस परब के माध्यम से प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश ₹विष्णु की पाती₹ जिले के विभिन्न लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। यह संदेश हितग्राहियों को प्रोत्साहित करते हुए शासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है। जिले में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में राज्य शासन से प्राप्त दिशानिर्देशों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग कुमार दुबे ने कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारिता, वन विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सुशासन का एक साल जनादेश परब से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं। हितग्राही योजनाओं की सराहना कर रहे हैं। विकासखंड से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को योजनाओं का लाभ अधिकतम हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विष्णु की पाती के माध्यम से जनादेश के दौरान लाभार्थियों तक सरकार का संदेश पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्राप्त करने वाले हितग्राही अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं।




### हितग्राहियों ने बताई अपनी कहानी

ग्राम पंचायत माटरा ब्लाक धमधा के निवासी प्रेमलाल साहू पिता जीवराखन ने बताया वर्ष 2020-21 में पीएम आवास पाकर मेरा परिवार सुरक्षित हुआ। जिले के ग्राम पंचायत माटरा निवासी प्रेमलाल साहू पिता जीवराखन ने बताया ₹पहले झोपड़ी में रहने से बारिश और ठंड से बचाव करना कठिन था। अब पक्के मकान की सुविधा मिलने से जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा आई है। मुख्यमंत्री श्री साय का शुभकामना संदेश हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है, इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया गया।

### गाडाडीह के लोगों ने कहा मिली राहत

दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत गाड़ाडीह निवासी रामेश्वर बंजारे पिता परशुराम ने कहा कि प्रधानमंत्री पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। अब हमारा परिवार आवास योजना से सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहा है। ग्राम पंचायत सेमरिया के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी डेरहाराम देवांगन पिता तोरण देवांगन ने बताया कि झोपड़ी में रहने के दौरान हमेशा बारिश और गर्मी से परेशान रहना पड़ता था। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिल गया है, जिससे हमारे परिवार को सुरक्षा और आरामदायक जीवन का अनुभव हो रहा है।

### समिति की बैठक आज

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में 20 दिसंबर 2024 को अपरान्ह 4.00 बजे से डीएलसीसी एवं 4.40 बजे से डीएलआरसी की बैठक कार्यालय कलेक्टर दुर्ग के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सभी सदस्य (बैंकर्स/शासकीय विभाग के अधिकारी) को समय पर पूर्ण अद्यतन जानकारी सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।






**खबर संक्षेप**

## विप्र ब्राह्मण संगोष्ठी का आयोजन आज

**भिलाई।** प्रादेशिक कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा छ.ग. रायपुर द्वारा 'विप्र ब्राह्मण संगोष्ठी' का आयोजन 20 दिसंबर को दोपहर 12 से 2.30 बजे तक लक्ष्मी पैलेस रिसाली भिलाई में किया जाएगा। इस अवसर पर भारत के विभिन्न प्रांतों से कान्यकुब्ज ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। संस्था द्वारा समाज के लोगों से उपस्थित होने की अपील की गई है। यह जानकारी राधेगोविन्द बाजपेयी राष्ट्रीय अध्यक्ष, सतीश चंद्र मिश्र राष्ट्रीय महासचिव व समस्त कार्यकारणी सदस्यों ने दी है।

## कोड़िया में जागरुकता रैली निकली



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में शिक्षा विभाग द्वारा एकदिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन ग्राम कोड़िया में किया गया । शिविर ग्राम में प्रस्थान सुबह 9 बजे किया गया । शिविर के प्रथम सत्र में जागरूकता रैली निकली गई। विद्यार्थियों द्वारा ग्राम सर्वेक्षण किया गया। द्वितीय सत्र में शाला के बच्चों को अध्यापन कार्य करवाकर विविध प्रकार के देसी खेल खिलाए गए । भोजन पश्चात तृतीय सत्र में शिविरार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन ग्रामवासियों के लिए गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, पंच ,माध्यमिक शाला कोड़िया के प्रधानपाठक उपस्तिथ रहे।

## सड़क पर गतिरोधक बनाने पर लोगों में हर्ष

**अंडा।** बस स्टैण्ड अण्डा चौक में गतिरोधक नहीं बनाने से दुर्ग से बालोद की ओर तथा बालोद से दुर्ग की ओर आने-जाने वाले वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण सप्ताह में दो-तीन दुर्घटना होते रहता है। जिसके कारण दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने अण्डा में गति अवरोधक बनवाने के लिए कलेक्टर, दुर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग परिक्षेत्र, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग तथा थाना प्रभारी आरक्षी केन्द्र अण्डा को हेमेन्द्र कुमार चन्द्राकर, सामाजिक कार्यकर्ता, पुकेश चन्द्राकर महामंत्री भाजपा उतई मण्डल आदि द्वारा ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया गया था। वहीं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से बस स्टैण्ड अण्डा एवं अटल चौक अण्डा में गति अवरोधक बनाये जाने से क्षेत्र के लोगों, व्यापारीगण एवं ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है। जिसके लिये व्यापारीगण एवं ग्रामवासियों द्वारा सांसद दुर्ग विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

### सतनामी समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाई गुरु घासीदास जयंती

# सत्य परेशान हो सकता है, पराजित कभी भी नहीं हो सकताः पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

**छाटा में गुरु घासीदास जयंती मनाई गई**



ग्राम छाटा में सतनाम युवा संगठन द्वारा गुरु बाबा घासीदास जी की जयंती मनाई गई। इस असवर पर पंथी नृत्य स्पर्धा का आयोजन भी किया गया। सबसे पहले श्री बघेल जैतखंभ की पूजा-अर्चना किया। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम हुआ जिसमें सतनाम युवा संगठन के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज बहुत सुंदर तरीका से बाबा जी की जयंती मनाया जा रहा है। बाबाजी का मन बाल्यकाल से ही अध्यात्म की तरफ रहता था। समाज में जो घटना घट रही थी उसे लेकर वे काफी उद्वेलित थे। उन्होंने न केवल सतनामी समाज के बल्कि सभी समाज के लिए भाई चारा, प्रेम, सत्य, अहिंसा की रास्ता बताया। मानव जीवन प्राप्त करना ही अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बाबा जी बताया कि सबसे पहला काम हम सबको सत्य के रास्ता पर चलने है। उन्होंने मानव मानव एक समान का संदेश दिया। उन्होंने वर्तमान बीजेपी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जितना शासकीय उपक्रम है वह बिक रहा है। उन्होंने कहा कि निजी हाथों में सब चले जायेगा तो आरक्षण कहा से मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दरवाजा से आरक्षण को समाप्त करने का काम चल रहा है। उन्होंने छाता गढ़ पहाड़ में हुई घटना को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त किया। जो सही आरोपी है उस पर कार्रवाई करना चाहिए। इस घटना का सीबीआई जांच कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बदला की भावना से काम कर रही है। सतनामी समाज के लोगों को पकड़कर जेल में डालने का काम कर रहे है जबकि जो इस घटना के लिए जिम्मेदार है उसे बचाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की सरकार सभी समाज का अपमान कर रही है। छग के संस्कृति, परम्परा, खेल , व्यंजन को मान दिलाने का काम किया। छत्तीसगढ़िया का मान बढ़ाने जितना योजना बनाए सबको बंद करते जा रहा है। सरकार बाबा जी के बताए रास्ते पर नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जो मांग है वह पूरा किया जाएगा।

## बाबा गुरु घासीदास प्रेम व सद्भावना के संदेश वाहक थेः पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

**उतई।** ग्राम डुंडेरा आश्रम नगर में बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई व नवनिर्मित जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। जयंती कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम रिसाली के महापौर शशि सिन्हा व पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, एमआईसी सदस्य सिमा साहू विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यातिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्रामवासियों को बाबा गुरु घासीदास जयंती व नवनिर्मित जैतखाम की बधाई देते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास प्रेम व सद्भावना के संदेश वाहक थे, उन्होंने सत्य अहिंसा और मानव मानव एक समान का संदेश दिया है इस संदेह को हम सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने आश्रम नगर में जैतखाम व ग्राम के अन्य गुरु गुरु घासीदास मंदिर के नव निर्माण के लिए पूर्व गृहमंत्री का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन पवन बंजारे व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष विशेश्वर कुर्रे ने किया। इस दौरान अध्यक्ष विशेश्वर कुर्रे, दिनेश बंजारे, बिरेन्द्र मौर्य, टीकाराम बंजारे, अमोली राम नीलकमल कोसरे, मनोहर, संतु बंजारे, रोशन आदि उपस्थित थे।



## बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा, समानता का दिया संदेश

**पाटन।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरु घासीदास 268वीं जयंती पर नमन करते हुए सभी को उनके बताए रास्ते में चलने के लिए प्रेरित किए।



उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने हमें सत्य, अहिंसा, समानता, मानवता का संदेश दिया था।मानव मानव एक समान है। हमने कांग्रेस शासन काल में पांच वर्षों तक बाबा जी सिद्धांतों का पालन करते हुए जनता एवं गौमाता की सेवा की।किसान, मजदूर,आदिवासी महिला,युवाओं सहित सभी वर्गों के हित में काम किए।सभी योजनाएं अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिलाई। आज सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य विष्णु सरकार कर रही है। सतनामी, साहू, आदिवासी समाज के निर्दोष भाई बहन आज जेल की सलाखों में है। हम सबको एकजुट होकर लड़ाई लड़नें की आवश्यकता है। इस अवसर पर आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी, अशोक साहू उपाध्यक्ष जिप दुर्ग, महेंद्र वर्मा अध्यक्ष, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, पद्मश्री आरएस बारले, संतराम कुर्रे अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज, रूपेंद्र शुक्ला, भेष आठे, सोहन जोशी, अमित अग्रवाल, कमलेश नेताम, देवेंद्र चंद्रवंशी, मीरा सिन्हा, रिखी नारंग, संतोष देवांगन, चंद्रभान साहू, रेवती साहू, अशोक सपहा, ईश्वर बंजारे, शिवनंदन बंजारे, धर्मेंद्र बंजारे, रामनारायण, भानुप्रताप, दिलीप, सूर्यकांत, रोमनाथ, उत्पल, संतराम बंजारे, बिरेंद्र सोनवानी, भावदास जांगड़े, बिमला बालाराम कोसरे, गोकुल कोसरे, नाथू राम बारले, शीतल कोठारी आदि उपस्थित थे।

## समाज को समानता और मानवता का पाठ पढ़ायाः विधायक ललित

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम, खम्हरिया, डुंडेरा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और बाबा जी एवं गुरुगद्दी की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसंबर 1756 को गिरौदपुरी में हुआ था। गुरु घासीदास जी ने समाज को समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर सतनामी समाज अध्यक्ष केशव महिपाल, अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश माण्डले, पार्षद विक्की, छाया पार्षद दुर्गेश साहू, महामंत्री सोनू राजपूत, महिला सतनामी समाज अध्यक्ष शिवकुमारी जोशी, समाज सेवी सतीश यादव, प्रेमनारायण, इंद्रजीत सोनी, बूथ अध्यक्ष परमेश्वर, शिव बंजारे, बीरेंद्र टंडन नंदकुमार साहू, लोकेश्वरी बघेल, मुकेश वासनिक, सुरभि, सुरुचि, सतनामी समाज अध्यक्ष वीरेन्द्र चतुर्वेदी, हरिश कुर्रे, बालक दास डहरे, कुलदीप टंडन, राजकुमार, देशलहरे, खिलेश बंजारे, योगेश बंजारे, दशरथ देशलहरे, सनत देशलहरे, रोहित डहरे, शेषनारायण पटेल, लोकनाथ साहू , जीवेश,साहू, शंभू टंडन, चमेली बंजारे,मीना टंडन, गंगा कुर्रे, ईश्वरी टंडन, प्रीति बंजारे, दुर्गा कुर्रे, लता बंजारे, झमित बघेल बड़ी संख्या में समाज गंगा के साथ ग्रामवासी उपस्थित थे।



**अंचल की खबरें**

## चोरी करने वाले पारधी गिरोह को दबोचा

**धमधा।** धमधा क्षेत्र के सोसायटी केन्द्र में इन दिनों धान की चोरी काफी चर्चा का विषय बना हुआ था। तभी धान खरीदी केन्द्र घोठा के उपार्जन केन्द्र हीरेतरा पंजीयन क्रमांक 1448 में पारधी चोरों का गिरोह रात 12 बजे आ धमका। पहले से चौंकाने चौकीदार व सोसायटी के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के सहयोग से चोरों को रंगे हाथ पकड़ा जिसमें से 2 चोर मोटरसाइकिल पर धान से भरे बोरे को लादकर ले जाते हुए पकड़ाएं है और बाकी चोर मौके से फरार होने में सफल हो गया है। चोर ने कबुला है कि उनका 15 से 20 लोगों का गैंग है और यह गैंग लगातार क्षेत्र के अलग-अलग सोसायटी में धान की चोरी करता है। उस धान को देवकर के किसी व्यापारी के पास बेच देते हैं। गांव वालों ने पकड़ कर रखा है और धमधा पुलिस को सूचना दी गई है व प्रार्थी द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया। दोनों आरोपी को पुलिस कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

## कुम्हारी धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी की शिकायत





**कुम्हारी।** कुम्हारी स्थित सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र में तौल में गड़बड़ी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। किसानों का आरोप है कि केंद्र में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। किसानों के अनुसार, उनके धान को नियमानुसार बोरी वजन से अधिक लिया जा रहा है। जब किसानों ने स्वयं तौले गए बोरे का वजन किया तो पाया कि अधिकांश बोरे में 41 किलो 220 ग्राम से 41 किलो 380 ग्राम के बीच धान था, जो कि निर्धारित वजन से अधिक है। एक किसान ने बताया कि अगर हर बोरी में औसतन 300 ग्राम अधिक धान लिया जा रहा है तो 100 बोरे पर 30 किलो का नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। अभी तक कितने बोरे की खरीद हो चुकी है, इस पर विचार करते हुए किसानों का कुल नुकसान काफी अधिक हो सकता है। किसानों का आरोप है कि यह सब जानबूझकर किया जा रहा है। राज्य सरकार के नियमों के अनुसार, धान की एक बोरी का वजन 40 किलो होना चाहिए और बारदाने के साथ 40 किलो 700 ग्राम से ज्यादा या काम नहीं होना चाहिए। गुरुवार को एक किसान जब धान बेचने के लिए केंद्र आया तो उसे इस गड़बड़ी का पता चला। उसने देखा कि वजन के समय बोरे में निर्धारित वजन से अधिक धान लिया जा रहा था। इसके बाद अन्य किसानों के बोरे भी तौल कर देखा जिनमें वजन अधिक पाया। इस पर किसान ने केंद्र में हंगामा शुरू कर दिया। वहीं प्रबंधक का कहना था कि किसान जो अपने धान स्वयं तौलकर ला रहा है उसमें वजन में फर्क आ रहा है वैसे वजन में कोई गडबडी नही है।

## स्काई इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा द्वारा विगत दिवस बालाघाट जिले में स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए बालाघाट जिले में स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान का अवलोकन किया गया। वहां के जीव-जंतु, पशु-पक्षी व विभिन्न जानवरों को करीब से देख कर जानकारी एकत्रित की गई। शिक्षकों ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ इस खापा बफर व कोर जोन भ्रमण कर टूर का आनंद लिया एवं हमारे देश के कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पशुओं को पहली बार देखकर जानकारी एकत्रित की। उल्लेखनीय है कि कान्हा टाइगर रिजर्व, जिसे कान्हा राष्ट्रीय उद्यान भी कहा जाता है, भारत के बाघों के भंडार में से एक हैं और भारत के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। वर्तमान में कान्हा क्षेत्र को दो अभयारण्यों / जोन में विभाजित किया गया है। कान्हा नेशनल पार्क 1 जून 1955 को बनाया गया था और 1973 में कान्हा टाइगर रिजर्व बनाया गया था। आज यह दो जिलों मंडला और बालाघाट में 940 किमी. क्षेत्र में फैला है। पार्क में रॉयल बंगाल टाइगर, भारतीय तेंदुआ, सुस्त भालू, बारासिंघा और भारतीय जंगली कुत्ते की महत्वपूर्ण आबादी है। रूडयार्ड किपलिंग के प्रसिद्ध उपन्यास द जंगल बुक में दर्शाया गया। जंगल इस रिजर्व सहित जंगलों पर आधारित है। यह आधिकारिक रूप से शुभंकर, 'भूरसिंह द बारासिंघा' का परिचय कराने वाला भारत का पहला बाघ अभयारण्य है। आयोजन में चेयरमेन संकेत जैन, संरक्षक सुनीता जैन एवं प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य सहित सम्पूर्ण स्टाफ का मार्गदर्शन व सहयोग रहा। इस भ्रमण कार्यक्रम के दल प्रबंधक के रूप में जावेद खान व काकोली रुद्र सहित स्टाफ का सहयोग रहा ।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का राज अधिवेशन 25 को

**सेलूद।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का 79 वाँ राज अधिवेशन इस वर्ष 25 दिसम्बर को तेजराम वर्मा, जामुन वर्मा, राजवेन्द्र वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, ललित वर्मा, चंद्रहास वर्मा स्मृति सभा स्थल दानवीर तुलाराम कॉलेज परिसर उतई में होगा। इस कार्यक्रम में सुबह 8 बजे से कलश यात्रा, ध्वजारोहण, महापुरुषों के चित्रों पर माल्यापर्ण पुजा अर्चना, दीप प्रज्वलन, राजकीय गीत ,जाति गौरव गीत ,अतिथियो का स्वागत, अतिथि स्वागत गीत, स्वागत भाषण, पाटन राज का प्रतिवेदन वाचन, खुला मंच, अतिथि उदबोधन, छात्रवृत्ति वितरण, विशेष अतिथि का उदबोधन, ध्वजा अवरोहण व कार्यक्रम का समापन होगा । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, कार्यक्रम संयोजक पाटन राज प्रधान युगल आडिल अतिविशिष्ट अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल आदि होंगे।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



■ स्व.बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह

स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के प्रतिभाओं को निखारने हेतु किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, तत्पश्चात राजकीय गीत प्रस्तुत किया गया।

सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशेष अतिथि सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि- कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, इसलिए हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए और यही प्रयास हमे एकदिन सफलता के शिखर पर ले जाएगी। इसी कड़ी में विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग ने छात्र-छात्राओं से वर्षभर के कार्यों का विश्लेषण करने की बात कही उन्होंने कहा कि पुरस्कार पाने का मतलब केवल महाविद्यालय स्तर पर नहीं होता बल्कि घर ,परिवार, गुरुजन की सेवा करना भी अपने आप में पुरस्कार है। इसके साथ-साथ उन्होंने छात्र-छात्राओं को पांच संकल्प लेने के लिए कहा जिसमें तनाव मुक्त जीवन, अच्छी संगत, पुस्तक पढ़ने की आदत, मोबाइल से दूरी जिससे समय की बर्बादी न हो एवं अपने अभिभावक को धन्यवाद देने की बात कही और इसका कारण है कि उन्होंने कहा कि हमारे लिए दुनिया में सबसे अधिक संघर्ष वही करते हैं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा, दुर्ग संभाग ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को शेक्सपियर के कोट्स के माध्यम से बताया कि अभाव में भी व्यक्ति खुश रह सकता है, और सफल वही है जिनके रहने से आसपास के लोग खुश रहे

कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथियों द्वारा साहित्यिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद के प्रतिभागियों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. मौसमी राय चौधरी, संचालन डॉ.अमृता पाठक एवं आभार प्रकट मुकेश कुमार ने किया ।इस अवसर पर समस्त सहायक प्राध्यापक,कर्मचारीगण, छात्र-छात्राएं व उनके पालकगण एवं पत्रकार सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## सहेली ज्वेलर्स के शॉप एण्ड विन का लक्की ड्रॉ निकला




**भिलाई।** दुर्ग सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली में ब्राइडल वेडिंग कलेक्शन की खरीदारी के साथ ही साथ शॉप एण्ड विन ऑफर का लाभ दिया जा रहा है। इस ऑफर के तहत प्रत्येक 9000 की खरीदी पर एक लक्की कूपन के साथ अनेक उपहार जीतने का अवसर दिया जा रहा है। वहीं इस स्पेशल ऑफर का पहला ड्रॉ 15 दिसंबर को निकाला गया। प्रथम लकी ड्रॉ के विजेता में होंडा एक्टिवा (कूपन-4926 रमेश माहेश्वरी) को मिला। वहीं आई फोन (1349 श्रृष्टि सिंह), रेफ्रिजरेटर (5967 अनुभूति चौबे), पार्टी स्पीकर (14422 अंकेश कुमार), (1749 मुकेश), (17155 पूनम साहू), (3503 तामेश्वर सिंह), (13474 राजेंद्र कुमार), एयर फ्रायर (5294 लोल्टानी), (9631 जूही खिचरिया), (2355 मानसी शर्मा), (1037 सलमान अली), (14164 एस लक्ष्मी), (4894 समीर), (11872 इन्द्रजीत वर्मा), (2489 पनरोढ़ी सिंह), (3037 रिशिका निषाद), (13832 राजेश कुमार), वायरलेस इयर बड्स (14208 भानु प्रिया), (17464 सरस्वती देवी), (10929 दीपिका), (6568 अक्षय), (10640 प्यारेलाल), (8442 वसुधा शर्मा), (895 सोना प्रसाद), (8559 नूतन शिंदे), (13502 अब्दुल वाहीद), (9418 चेतना देवांगन), (1061 आशा यादव), (3701 टोमेश्वर), (4144 दामिनी साहू), (2326 डॉ. राहुल), (10449 नीति चौरसिया), (1866 मनू गुप्ता), (597 विनीत दास), (11330 रोहित बाग), (16780 अंगेश), (14317 उत्तम वर्मा), (11347 दीपक), (921 अयाह), (2680 इरफान खान), (4040 महेश प्रसाद) तथा (228 दुर्गेश नंदिनी) विजेता रहे।

## भिलाई-दुर्गवासियों की पहली पसंद बना हैंडलूम और हस्तशिल्प एक्सपो



**भिलाई।** सेक्टर-8 स्थित स्टील क्लब में आयोजित हैंडलूम और हस्तशिल्प एक्सपो में देशभर के शिल्पकारों ने अपनी अनोखी कारीगरी का प्रदर्शन किया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कश्मीर, बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब समेत कई राज्यों के कारीगर यहां अपने उत्पाद लेकर आए हैं। यहां कश्मीरी साड़ियों, कुर्तियों और हैंडमेड कपड़ों का बेहतरीन संग्रह उपलब्ध है। खासतौर पर हैंडवर्क और आरी वर्क की साड़ियां, कश्मीरी कानी डिज़ाइन, और किफायती कीमतों में उपलब्ध कपड़े लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में जल जीवन मिशन

**अंडा।** ग्राम पंचायत निकुम में सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे महिला बाल विकास विभाग की तरफ से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें गोद भराई कार्यक्रम में राजेश्वरी देशमुख, याशु यादव, राजनंदनी धनकर, पूर्णिमा यादव की गोद भराई की है, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं इन्दु, नीतू का सम्मान शाल और श्री फल देकर रूपेश देशमुख जनपद सदस्य द्वारा किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में जल जीवन मिशन अंतर्गत पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी के समस्त 3 से 6 वर्ष बच्चो ठनिश, नयन, यूवान, कुणाल, विवान, गुलशन, लक्ष्य, खोमेन्द्र, तेजश, धनराज, मानश, मिराज, विनय, डिश्रृंग, तनय, वाशु, सागर, टोमेश, देवांश, ओम, सार्थक, कव्यांश, जयंत, ग्रंथ, जिविका, लतिका, देविका, सेजल, वेदिका, कृतिका, प्राची, नेशिका, प्रियांशी, मोनिका, राशि, वंदना, कशिश, जानव्हि, पलक, बच्चों को विभाग द्वारा पानी बोतल का वितरण किया गया। परियोजना उषा झा द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग से रूपेश देशमुख जनपद सदस्य को स्मृति चिन्ह एवं साल श्रीफल से समानित किया गया।




## उतई में श्रीमद भागवत कथा 2 जनवरी से

**उतई।** नगर के सांस्कृतिक भवन काली मंच हथखोज पारा में 2 से 8 जनवरी तक दोपहर 1 से संध्या 5 बजे तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं रसमय संकीर्तन का आयोजन किया गया है। कथा वाचिक गोपीकेश्वरी देवी वृन्दावन धाम होंगी। कथा 2 जनवरी को वेदी पूजन, गौकर्ण कथा, कथा महात्मय, 3 जनवरी को परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, वाराह अवतार, 4 जनवरी को सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र,जड़ भरत कथा, 5 जनवरी को प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, श्री कृष्ण प्राकट्य महोत्सव, 6 जको श्री कृष्ण बाल लीला, ब्रह्ममोह, गिरिराज पूजन, 7 को रास, महाराम वर्णन, कंसवध, रूखमणि विवाह, 8 जनवरी को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, गीता पाठ, फूलों की होली, कथा विश्राम, हवन पूर्णाहुति, चढ़ौत्री होगी।

## लोधी समाज का होगा जाति जनगणनाः घनश्याम



**सेलूद।** प्रदेश लोधी समाज के द्वारा मुंगेली जिला के सर्किट हाउस पथरिया में लोधी समाज का जातिगत जनगणना सर्वे का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सर्किल, पंच प्रधान सहित बड़े संख्या में सामाजिकगण शामिल हुए। पाटन क्षेत्र से भी समाज के लोग युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज ने कहा कि यह प्रदेश स्तर की जातिगत जनगणना प्रथम बार होगी। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले सभी समाजिक जनों को लाभ मिलेगा। खास तौर से युवाओं के व्यवसाय, नौकरी एवं वैवाहिक आदि क्षेत्र में लाभ होगा। जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल द्वारा बताया गया कि रायपुर जिला में 7 सर्किल हैं। जिला के सर्किल पदाधिकारी समय सीमा में पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर सभी सामाजिक जनों को प्रदेश पदाधिकारी द्वारा उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बिलासपुर जिला अध्यक्ष यमुना प्रसाद वर्मा ने कहा कि बिलासपुर जिले का जनगणना कार्य सबसे पहले होगा। बैठक में जागेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सदस्य, शीतल वर्मा जिला अध्यक्ष मुंगेली, ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र राजपूत युवा प्रदेश उपाध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ मदन वर्मा, भूपेंद्र राजपूत के साथ-साथ लोधी समाज के पदाधिकारी और सक्रिय सामाजिक गण उपस्थित थे।

## लोधी समाज का राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन आज से



**सेलूद।** दिल्ली के करनाल शहर में अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध महासभा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन का तीन दिवसीय आयोजन 20 से 22 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा और लोधी समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर के नेतृत्व में समाज के अन्य पदाधिकारी युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, मुंगेली जिला युवा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश राजपूत, मूकचंद वर्मा बेमेतरा युवा अध्यक्ष, चंद्रप्रकाश राजपूत मारो सर्किल अध्यक्ष शामिल होंगे। अधिवेशन में शामिल होने रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली जाने रवाना हुए।

## खबर संक्षेप




### कलाकारों ने दी संगीत व नृत्य की मोहक प्रस्तुति

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता" का उद्घाटन मंगलवार को महाप्रबंधक ( विजय कुमार के मुख्य आतिथ्य में महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया। विशिष्ट अतिथि उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ सहित सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक व डेनिस क्रिष्टी भी उपस्थित थे। कलामंदिर में आयोजित 4 दिवसीय प्रतियोगिता में कर्नाटक (सुगम, शास्त्रीय गायन), हिन्दुस्तानी (सुगम, शास्त्रीय गायन), लोक गायन, एकल नृत्य (भरतनाट्यम, कुचिपूड़ी, कथक, ओड़सी), हिन्दुस्तानी वाद्य (तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य) तथा खुली वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। 6 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष आयु समूह में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दी। प्रतियोगिता में पीटी उल्लास कुमार, स्मिता नायर तथा आर राजेश ने निर्णायक थे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य समन्वयक प्रभंजय चतुर्वेदी हैं। कार्यक्रम में दुष्यंत हरमुख, सरजीत चक्रवर्ती, रणमीत सिंह तथा ओंकार सांगितिक सहयोग दे रहे हैं।

### बीएसपी के प्लेट मिल में पौधारोपण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पर्यावरण जागरूकता माह मनाया गया। लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्लेट मिल विभाग में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता व सीजीएम कार्तिकेयय बेहेरा तथा अन्य मुख्य महाप्रबंधक व महाप्रबंधकों द्वारा अशोक, आम, स्वर्ण चंपा, गुलमोहर, तिकुनिया के 20 पौधों का रोपण किया गया। सीजीएम एसके घोषाल,राहुल श्रीवास्तव, इन्द्रजीत सेनगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी उमा कटोच, महाप्रबंधक भास्कर रॉय, संजय त्रिपाठी, एस के वर्मा, अमित पारिख, महाप्रबंधक (ऑपरेशन, प्लेट मिल) श्री देबब्रत रॉय आदि उपस्थित थे।

# भिलाई क्षेत्र के 33 तालाबों को प्रदूषण मुक्त करने की तैयारी में जुटा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र के कोसानाला सहित सभी तालाब जल्द ही चकाचक दिखाई देंगे। इनमें वर्षों से पसरी जलकंभी की लाइलाज समस्या के भी निदान होने से प्रदूषण से निजात और आसपास बाढ़ की स्थिति भी निर्मित नही होने के आसार हैं। नगर निगम की खाद्य,लोक स्वा. एवं स्वच्छता सलाहकार समिति द्वारा तालाबों को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए वीड हार्वेस्टर मशीन खरीदी के लिए एमआईसी के समक्ष रखने के लिए समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा की गई। प्रस्ताव पर चर्चा बाद अनुशंसा के साथ महापौर परिषद के समक्ष रखे जाने का निर्णय लिया गया है।

लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि कोसानाला में पूरे वर्ष भर जलकुम्भी उगने के कारण बरसात के मौसम के दौरान आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे आसपास की आबादी दैनिक उपयोग के लिए तालाबों पर आश्रित है। निगम क्षेत्र में स्थित 33 तालाबों को जलकुम्भी, खरपतवार से होने वाले प्रदूषण से मुक्त रखने एवं नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल द्वारा विभिन्न आदेशों में नगर तहत उपस्थित वाटर बॉडी को प्रदूषण से मुक्त रखने का दायित्व संबंधित नगरीय निकाय को दिया गया है। इसके परिपालन में जलकुम्भी, खरपतवार से होने वाले प्रदूषण से मुक्त रखने वीड हार्वेस्टर मशीन 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत वाहन / उपस्कर किये किये जाने के लिए अनुदान राशि 150.00 लाख की स्वीकृति प्रदान करने महापौर परिषद के समक्ष प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किये जाने का संकल्प पारित किया गया।

## 15 वें वित्त आयोग ने दी है निगम को राशि



### वेंटीलेटरयुक्त एंबूलेंस व शववाहन का प्रस्ताव

समिति की बैठक में वेंटीलेटरयुक्त एंबूलेंस खरीदने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। सदस्यों ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जो भी एम्बूलेंस उपलब्ध है, उसमें मात्र ऑक्सीजन सुविधा वाली होती है। लेकिन वेन्टीलेटर सहित एम्बूलेंस नहीं होने के कारण मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल शिफ्ट करने में काफी असुविधा होती है। इसलिए नगर पालिक निगम भिलाई में वेन्टीलेटर एम्बूलेंस खरीदने का प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद के समक्ष रखे जाने का निर्णय लिया गया। इसी तरह शव वाहन की कमी होने के कारण शव वाहन क्रिय किये जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय पारित किया गया।सलाहकार समिति की बैठक में अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू,सदस्य कोमल दास टंडन , के. जगदीश कुमार, अभिषेक मिश्रा, पश्याम सुन्दर, सरीता देवी, ईश्वरी नेताम अऔर सचिव जावेद अली और राजेश पालवे प्र. सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

## चेस्ट मेडिसीन ओपीडी में भीड़, चेकअप में परेशानी

# कई सुविधाओं के लिए तरस रहे सेवानिवृत्त बीएसपी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में सेवाकाल के दौरान अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी रिटायर होने के बाद सुविधाओं के लिए तरसने लगते हैं। कई मांगों को अब तक निदान नहीं होने से उन्हें बढ़ती उम्र के साथ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ ( एक्स ओए ) ने इनके निदान की गुहार बीएसपी व सेल प्रबंधन व ओए से की है। 11 माह के लंबित भत्ते, ईपीएस 95 पेंशन व अस्पाताल की समस्याओं आदि पर चर्चा हुई । मांगों पर प्रयासों की जानकारी ओए पदाधिकारियों ने दी और लंबित मांगों का जल्द हल कराने का आश्वासन भी दिया।

एक्स ओए की प्रगति भवन में हुई आमसभा की बैठक लंबित मुद्दों का निदान नहीं होने पर चिंता जताई गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सरोज रंजन दास ने की बैठक में सेफी व ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, महासिचव परविंदर सिंह व कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा भी उपस्थित थे। श्री दास ने बताया कि11 महीने के भत्ते का बकाया भुगतान, रायपुर आरपीएफसी के तहत ईपीएस 95 पेंशन के कार्यान्वयन में बाधाएं और बीएसपी अस्पताल की समस्याएं आदि कई मुद्दे नहीं सुलझे हैं। बैठक में बताया गया किईपीएस 95 पेंशन केमामले में गतिरोध बना हुआ है क्योंकि रायपुर आरपीएफ कमिश्नर ने हमारे पीएफ ट्रस्ट के नियमों पर सवाल उठाए हैं जिसके तहत ईपीएस 95 के लिए अंशदान की सीमा तय है । जबकि उच्च पेंशन के लिए कोई सीमा नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय में बढ़ी हुई ग्रेच्युटी पर मामला के सुनवाई की अगली तारीख 7 फरवरी है।सदस्यों ने पूछा कि आयुष्मान योजना के तहत नामांकन के लिए पात्र हैं, भले ही उनके पास सेल मेडिक्लेम योजना के तहत कवरेज हो।

## एक्स ओए की बैठक में लंबित भत्ते व पेंशन निदान की गुहार




### चेस्ट में हो आनलाइन अपाइंटमेंट

सेक्टर नौ हास्पिटल में संविदा के आधार पर काम करने वाले डॉक्टरों के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग की सुविधा की मांग की गई। खासकर न्यूक्लियर मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, मेडिसिन, चेस्ट आदि में, ताकि ओपीडी में भीड़ और अनिश्चितता से बचा जा सके।

### ओए ने दी प्रयासों की जानकारी

बैठक में ओए अध्यक्ष एनके बंछोर ने प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि योग्य मामलों में, मेडिसिन ओपीडी में एक अपॉइंटमेंट के साथ पति और पत्नी दोनों द्वारा परामर्श के लिए प्रावधान किया जा सकता है। ओपीडी या 1सी में दवाओं को दोहराने के लिए, मरीज को लाना अनिवार्य नहीं किया जा सकता है। ओपीडी में 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के मरीजों के लिए पूर्व अपॉइंटमेंट को माफ किया जा सकता है। योग्य मरीजों को एक बार में 2 महीने के लिए दोहराई जाने वाली दवाएं जारी की जा सकती हैं। श्री बंछोर ने पर्क्स एरियर, ईपीएस 95, मेडिक्लेम में आईपीडी राशि में वृद्धि आदि मुद्दों पर नई जानकारी दी। टीपीए मेसर्स एमडी इंडिया के श्री हुसैन ने सेल मेडिक्लेम योजना के बार में बताया।

# भाजयुमो ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजयुमो नेता नितेश साहू के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा संसद में शर्मनाक हरकत करने संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर जी का अपमान करने एवम् भाजपा सांसदों को धक्का मारने के विरोध में भाजयुमो ने दुर्ग के इंदिरा मार्केट चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

भाजयुमो नेता नितेश साहू ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा की कांग्रेस द्वारा संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का बार बार अपमान किया जा रहा है देश की जनता को गुमराह करने वाली कांग्रेस का असली चेहरा उजागर है, लोकतंत्र के मंदिर में राहुल गांधी का कृत्य शर्मनाक है लगातार कल राहुल गांधी ने जानबुझ कर भाजपा सांसद को धक्का लगाया जिससे उड़ीसा से भाजपा के सासंद श्री प्रताप सारंगी का सर पर चोट आई और भाजपा के ही सासंद श्री मुकेश राजपूत घायल हो गए जो गंभीर स्थिति में आई सी यू में एडमिट है नितेश ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक ओर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर राजनीति करती हैं जो की अहिंसा की परम पुजारी थे और दूसरी ओर हिंसा का मार्ग अपनाते हुए लोकतंत्र में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को धक्का लगाते हैं जो उनकी घृणित मानसिकता और दोहरा चरित्र को दर्शाता है जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी को देश की जनता ने पूरी तरह नकार दिया है जिससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना आपा खो बैठे है और ओछी हरकत पर उतर आए हैं जो की शर्मनाक है देश के संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर का अपमान करने और सांसद में शर्मनाक हरकत को लेकर राहुल गांधी को सामने आकर खुले रूप से देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि बाबा साहब आंबेडकर देश की आत्मा में बस्ते है जिनका अपमान सहा नहीं जा सकता है साथ ही घायल दोनों सांसदों को जनता ने चुन कर अपनी आवाज उठाने लोकतंत्र के मंदिर में भेजा है जिसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी धक्का मार कर घायल कर रहे है राहुल गांधी को अपने इस कृत्य पर देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। आज इसके विरोध में भाजयुमो ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना रोष जताया है।

- बाबा साहब आंबेडकर का अपमान करने और भाजपा सांसदों को धक्का मारने के विरोध में जताई नाराजगी

पुतला दहन में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नितेश साहू, गौरव शर्मा, राहुल दीवान, अमित पटेल, फलेंद्र यादव, राहुल पाटिल, पीयूष मालवीय, इंद्रभान पाटिल, योगेश साहू, अभिषेक साहू, चंद्रकांत साहू, मंगल राजपूत, शुभम कोंबे, सूर्या शर्मा, रेशम देवांगन, गोलू ठाकुर, निक्की घोटकर, तुषार राजपूत, मोहित जैन, विपुल तिवारी, लक्की बोयर, हर्ष मोहोबिया सहित अनेक युवा उपस्थत थे ।

## आयुक्त ने आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण



- असुविधाओं को दूर करने अधिकारी को दिए निर्देश

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर आश्रय संचालित किया जा रहा है। यहां पर बाहर से आए हुए यात्री, विद्यार्थी, काम करने वाले मजदूर, आदि को ठहरने की सुविधा दी जाती है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी आश्रय स्थलों पर पहुंचकर बाहर से आए हुए व्यक्तियों से जाकर मिले। उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाओ के बारे में जानकारी ली। यह भी पूछे की उनको किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हो रही है। यदि किसी को ठहरने की मूलभूत सुविधा की आवश्यकता हो तो उसे शीध्र पूरा करने का निर्देश दिए। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किए कि जो भी बाहर से आए हुए व्यक्ति है। उनको शासन के नियमानुसार मकान आबंटन की सुविधा दी जा सकती हो तो उन्हे मकान दिलाया जाए। आश्रय स्थलों के कमरे, दवारजा, खिड़की, पानी, बिजली, सोने के बिस्तर, शौचालय एवं साफ-सफाई का जायजा लिया। आश्रय स्थलों पर ठहरे हुए लोगों से आयुक्त ने पास बैठकर चर्चा की, उनके पढ़ाई, कला आदि को पूछा। कुछ बुजुर्गजनों ने आयुक्त को गाना गाकर भी सुनाए। आश्रय स्थलो में जो असुविधा थी, उसे शीध्र दूर करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसका पालन करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोज राज सिन्हा, जोन आयुक्त अजय कुमार सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, शशिभूषण मोहंती आदि उपस्थित थे।

# हायर वेजेस पर पेंशन श्रमिकों का अधिकार हर हाल में देना होगा राहत : मल्लेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ पेंशन आन हायर वेजेस विषय पर भिलाई निवास के एमपी हाल में कार्यशाला का आयोजन किय गया। इसमें लंबित पेंशन पर यूनियन के उच्च नेतृत्व के प्रयास पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता सुनकरी मल्लेशन, मेंबर सीबीटी (ईपीएफओ) रोजगार एवं श्रम मंत्रालय व यूनियन अध्यक्ष दिनेश कुमार पांडेय, डां. सुदर्शन भालाधरे रीजनल पीएफ कमिश्नर, सुनील कुमार अस्सिटेंट पीएफ कमिश्नर, जय मोहन एनफोर्समेंट ऑफीसर ईपीएफओ उपस्थित थे। महामंत्री चन्ना केशवलू ने कहा कि बीएमएस के प्रयास से शीघ्र ही पेंशन मामला परिणाम में बदलेगा। उपाध्यक्ष सन्नी इप्पन पेंशन प्रयास की जानकारी द। कार्यक्रम के अध्यक्ष दिनेश पांडेय ने बताया कि हायर वेजेस पर पेंशन को लेकर बीएसपी कर्मियों में घोर आक्रोश था,जिसका हल निकालन बीएमएस ने निरंतर प्रयास किया। परिणामस्वरुप सीबीटी की बैठक मेंबर व यूनियन उपाध्यक्ष सुनकरी मल्लेशन यह मुद्दा उठाया। सुदर्शन पीएफ कमिश्नर ने बताया कि ईपीएफओ रायपुर कार्यालय हमेशा तैयार है जैसे ही केंद्र से निर्देश आता है वह सब हायर वेजेस पर पेंशन देने देर नहीं करेंगे।

- बीएमएस की कार्यशाला में दी प्रगति की जानकारी




### सदस्यों को दी यूनियन प्रयासों की जानकारी

सेवानिवृत्ति पेंशनर अधिकारी संघ के महामंत्री बीएन अग्रवाल व श्री मल्लेशन ने रीजनल पीएफ कमिश्नर को एक पेंशन ज्ञापन सौंपा। कार्यशाला में सदस्यों के पेंशन कब मिलेगी व एरियर्स कितना मिलेगा संबंधी प्रश्नों पर श्री मल्लेशन जी ने कहा कि पीएफ ट्रस्ट के रूल के नाम से कर्मियों क हायर पेंशन रोकना गलत है। हर हाल में बीएसपी कर्मियों को हायर वेजेस पर पेंशन देना ही होगा और हम इसको हर हाल में लेकर रहेंगे। ओए व सेफी के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर महामंत्री परविंदर ने भी सुनकरी मल्लेशन एवं रीजनल पीएफ कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। कार्यशाला में आईपी मिश्रा,वशिष्ठ वर्मा, अनिल गजभिये, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, जोगिंदर कुमार, गौरव कुमार,ए वेंकट रमैया, संजय कुमार साकुरे,नवनीत हरदेल, पूरन लाल साहू, अखिलेश उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, गंगा राम चौबे,भागीरथी चन्द्राकर, घनशयाम साहू, रवि चौधरी,राजीव सिंह, राजेंद्र सिंह ठाकुर,नागराजू, अनिल शुक्ला,विवेक सिंह,सुबोधित सरदार, पी के राय,एवं कार्यसमिति सदस्य उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## प्रांतीय आव्हान पर दुर्ग जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

# वेतन बढ़ोतरी को लेकर 16 हजार संविदा कर्मियों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ जिला दुर्ग प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को संविदा कर्मचारियों ने 27 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी को लेकर ज्ञापन दिया। संघ ने कर्मचारियों को होने वाले विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन दिया। डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को भी ज्ञापन दिया गया।

दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा आधार पर 16 हज़ार कर्मचारी कार्य कर रहे हैं । वर्ष 2023 में प्रदेश के संविदा कर्मचारियों ने प्रांतव्यापी काम बंद आंदोलन किया जो 31 दिन तक चला। इस आंदोलन के दौरान संविदा कर्मचारियों के लिए विधानसभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की और उसे जुलाई 2023 से देने की बात कही गई । कई विभागों जैसे मनरेगा, आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन आदि में तत्काल 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि दे दिया गया परंतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में इस संबंध में आज पर्यंत तक कोई प्रयास नहीं हुआ है । एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जब 27प्रतिशत में वित्त विभाग ने 22 प्रतिशत की कटौती करके 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने का निर्देश दिया, परन्तु उसे भी आज तक नहीं दिया गया।



### कई बार रख चुके हैं अपनी समस्याएं

कर्मियों का कहना है कि राज्य सरकार को एक वर्ष हुए हैं इस सरकार के कार्यकाल में पिछले एक वर्ष के दौरान एन एच एम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सांसदों तथा विधायकों को मिलकर अब तक 50 से अधिक बार ज्ञापन दिया जा चुका है । जिसमें केवल आश्वासन मिला।

### 20 सालों से कर रहे कार्य

कर्मियों ने बताया कि पिछले 20 वर्षों में छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कई प्रकार के नए राष्ट्रीय कार्यक्रम जोड़े गए, नए स्वास्थ्य संस्थाओं का निर्माण हुआ, नए अस्पताल खुले जिनके लिए लगातार संविदा भर्ती की गई । संविदा में होने के कारण कर्मचारियों के वेतन , समकक्ष नियमित कर्मचारियों की तुलना में आधे से भी कम होते हैं इसके साथ ही साथ काम की अन्य कई सुविधाएं जैसे बीमा, पेंशन, मेडिकल अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति ,ट्रांसफर की नीति आदि महत्वपूर्ण सुविधाओं से भी छत्तीसगढ़ प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी आज पर्यंत तक वंचित हैं ।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशि: स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव

रायपुर शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



चेमेना का कलेक्शन


## लाइव इवेंट

### मोहलाई में प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक के साथ हेल्थ कैम्प, निशुल्क दवा भी बांटी



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष इकाई शिविर मोहलाई में लगाई गई। शिविर की नियमावली के अनुसार स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, योग व्यायाम के बाद परियोजना कार्य किया गया। इसके बाद श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया। इसमें दंत चिकित्सा, नेत्र विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन एवं शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा ग्रामीण एवं स्वयंसेवकों का उपचार कर निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। इसके पश्चात बौद्धिक परिचर्चा सत्र में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप द्वारा स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं एवं मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्वयंसेवकों को अपने राष्ट्र के प्रति और अपने बड़ों के प्रति किस प्रकार समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस सत्र में से शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, मैनेजमेंट विभाग के अनिल मेनन एवं फिजिक्स विभाग की हर्ष बैस, माइक्रोबायोलॉजी विभाग की रचना तिवारी उपस्थित थे। योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पा कुलकर्णी, रणजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रचना तिवारी और आभार प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने व्यक्त किया।

■ शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी की राष्ट्रीय सेवा इकाई का आयोजन

## सिटी इवेंट

### राष्ट्रीय खेलों में पदक के लिए मंथन, दो कमेटियों का किया गठन



**भिलाई।** 38 वां राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में आयोजित है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों की बैठक छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन इंडोर स्टेडियम बूढ़ा तालाब रायपुर में हुई। बैठक में दो समितियों का गठन किया गया। साथ ही शेफ डे मिशन के लिए निर्णय लिया गया। शेफ डे मिशन के लिए सहसचिव सहीराम जाखड़ का नाम प्रस्तावित किया गया। इसके अलावा दो कमेटी बनाई गई। पहली परचेज कमेटी जिसमें गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, संजय मिश्रा, मोहम्मद अकरम खान, प्रमोद सिंह ठाकुर को शामिल किया गया। वहीं दूसरी समन्वयक समिति जिसमें प्रशांत सिंह रघुवंशी, मोहनलाल, डॉ. विष्णु कुमार श्रीवास्तव, डॉ अतुल शुक्ला, रूपेंद्र चौहान को शामिल किया गया। बैठक में समितियों को दायित्व सौंपे गए। राज्य को ज्यादा से ज्यादा पदक मिले, इसके लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, कैलाश मुरारका, आरके श्रीवास्तव, डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, सहीराम जाखर, मोहम्मद अकरम खान, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज अग्रवाल, मोहनलाल, उज्जवल दीपक, डॉ. अतुल शुक्ला, प्रमोद सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

■ 38वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता उत्तराखंड में, तैयारियों को लेकर बैठक

## सिटी इवेंट

### प्रयागराग कुंभ के लिए 217 थाली और थैला का सहयोग




**भिलाई।** 38 वां राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में आयोजित है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों की बैठक छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन इंडोर स्टेडियम बूढ़ा तालाब रायपुर में हुई। बैठक में दो समितियों का गठन किया गया। साथ ही शेफ डे मिशन के लिए निर्णय लिया गया। शेफ डे मिशन के लिए सहसचिव सहीराम जाखड़ का नाम प्रस्तावित किया गया। इसके अलावा दो कमेटी बनाई गई। पहली परचेज कमेटी जिसमें गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, संजय मिश्रा, मोहम्मद अकरम खान, प्रमोद सिंह ठाकुर को शामिल किया गया। वहीं दूसरी समन्वयक समिति जिसमें प्रशांत सिंह रघुवंशी, मोहनलाल, डॉ. विष्णु कुमार श्रीवास्तव, डॉ अतुल शुक्ला, रूपेंद्र चौहान को शामिल किया गया। बैठक में समितियों को दायित्व सौंपे गए। राज्य को ज्यादा से ज्यादा पदक मिले, इसके लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई।


● आईबीआईटीएफ ने हैकाथॉन के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने शुरू किया अभियान

# उन्नत विचारों और तकनीकों को लेकर मंथन, युवाओं को नवाचार के लिए किया प्रेरित, रोबोट के जरिए दिखाए कई बड़े इनोवेशन

आईआईटी भिलाई ने गर्व के साथ इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के साथ मिलकर हैकाथॉन-2024 की मेजबानी की। यह कार्यक्रम एडवांस्ड नेशनल रिसर्च फेलोशिप के तहत आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम शिक्षा, उद्योग, और नवाचारकर्ताओं को एक साझा मंच पर लाया, जहां उन्नत विचारों और तकनीकी समाधान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशनने एक रोमांचक हैकाथॉन का आयोजन किया। इस हैकाथॉन का उद्देश्य युवा नवाचारकर्ताओं को प्रेरित करना और उन्हें अपनी रचनात्मकता और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था।



**भिलाई।** आईआईटी में आयोजित इस हैकाथॉन में देशभर से स्नातक, पीजी और डॉक्ट्रेट एजुकेशन ग्रहण करने वाले छात्रों ने भाग लिया। फिनटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्रों में चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने टीमों में मिलकर नवीन समाधान विकसित किए और अपनी तकनीकी क्षमता और उद्यमशीलता की भावना का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम ने न केवल रचनात्मक सोच को प्रेरित किया, बल्कि तकनीक का उपयोग करके वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के महत्व को भी उजागर किया। हैकाथॉन ने नवाचार और सहयोग का माहौल बनाया, जो आईआईटी भिलाई और आईबीआईटीएफ के शोध और विकास को प्रोत्साहित करने के मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। इस अवसर पर नए विचारों पर खुलकर मंथन किया गया। युवाओं के सामने रखे गए विचारों पर विषय विशेषज्ञों ने कुछ और बेहतर करने की नसीहत की। युवाओं के विचारों को प्रोत्साहित भी किया।

### तकनीकी प्रगति को जानना वर्तमान समय की जरुरत

इस अवसर पर आईआईटी भिलाई के निदेशक राजीव प्रकाश ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को तकनीकी प्रगति और सामाजिक उन्नति में योगदान देने के लिए सशक्त बनाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और सकारात्मक प्रभाव डालने की प्रतिबद्धता की सराहना की। यह कार्यक्रम नवाचार, शोध, और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी भिलाई और आईबीआईटीएफ की प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि करता है, जिससे युवा प्रतिभाओं को भारत को तकनीक और स्थिरता के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता बनाने में योगदान देने का मार्ग मिलता है।



### मार्केट प्लेस साक्षरता पर कार्यशाला, चार यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि हुए शामिल

आईआईटी कैम्पस में इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन ने मार्केट प्लेस साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से यह कार्यक्रम हुआ। इसमें 400 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आवश्यक बाजार कौशल और उद्यमिता की जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य निम्न-आय वर्ग के व्यक्तियों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाना रहा, जो खरीद और बिक्री के प्रथाओं, निर्णय लेने की क्षमताओं, और उद्यमिता पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। कार्यशाला का नेतृत्व प्रोफेसर मधु विश्वनाथन ने किया, जो मार्केटप्लेस साक्षरता के वैश्विक विशेषज्ञ हैं। लॉयोला मेरीमाउंट विश्वविद्यालय, लॉस एंजेलेस में प्रोफेसर तथा विश्वविद्यालय ऑफ इलिनॉयस, उर्बाना-चैम्पेन में प्रोफेसर एमेरिटस हैं। इस अवसर पर पद्मश्री अजय मंडावी, सोनमणि बोरा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



# रंगोली और क्लास सजाओ प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान

**भिलाई।** जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षा विभाग ने गुरुवार को शासकीय आत्मानंद विद्यालय जंजगिरी में सामुदायिक शिविर का आयोजन किया। शिविर के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य मिनी गोपीनाथन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.नीमा एस बालन और उप-रजिस्ट्रार प्रकाश वाहने थे। शिविर के महत्व को बताते हुए शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष रीता गुप्ता ने विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों का स्वागत किया। शिविर में खेलकूद, रंगोली प्रतियोगिता, कक्षा सजावट प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिताओं के आयोजन के बाद विद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षकों को भी सहभागिता रही और विजेता शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान की इस कड़ी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं जो राज्य स्तर और राष्ट्र स्तर पर विभिन्न क्रियाकलापों एवं विजेता विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। शिविर में बीएड विद्यार्थियों ने ग्राम का सर्वे कर जानकारी के संबंध में आकड़ों को एकत्र किया। शिविर में रंगारंग सांस्कतिक कार्यक्रम कराए गए। कार्यक्रम में डॉ सुषमा श्रीवास्तव, वाणी कापसे, डॉ. गीतिका अग्रवाल, प्रभारानी सिकदर, टुमन पटेल, डॉ. रंजना पटेल, प्रतिभा प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

■ जीडी रुंगटा कॉलेज ने सेजेस जंजगिरी में लगाया सामुदायिक शिविर





# साय सरकार के सुशासन के एक वर्ष होने पर संगोष्ठी

**दुर्ग।** आईटीआई पुलगांव में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों के मध्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्टेनो की निकिता ने श्रमिक कार्ड के व्यावहारिक उपयोग व लाभ पर जानकारी दी। आईटीआई के प्राचार्य योगेश कुमार साव ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इलेक्ट्रीशियन के विद्यार्थी ठाकुर ने युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने की बात कही। डीजल मैकेनिक के फ़नीश ने छत्तीसगढ़ में शराब बंदी पर तथा क्राइम पर नियंत्रण पर जोर दिया। आईटीआई प्रभारी परमेश्वर देवांगन ने अंत में सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए योजनाओं पर सदैव सजग रहने की अपील की।



चिखली मे गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर संपन्न हुआ बौद्ध धम्म दीक्षा महोत्सव

## कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बौद्ध समाज चिखली द्वारा गुरु घासीदास की जयंती पर आयोजित बौद्ध धम्म दीक्षा महोत्सव पूज्य भंते महेंद्र थेरो की प्रमुख उपस्थिति व दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह के प्रारंभ में तथागत गौतम बुद्ध, गुरु घासीदास और डॉ. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किए गए। भंते महेंद्र थेरो द्वारा चिखली के 54 उपासकों को त्रिशरण और पंचशील प्रदान कर बौद्ध धम्म की दीक्षा दी गई। दीक्षित बौद्धों को धम्म देशना देते हुए भंते ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर द्वारा दी गई 22 प्रतिज्ञाओं का पालन कर स्वयं को शुद्ध और बुद्ध बनाया जा सकता है।

# बुद्ध और घासीदास के संदेश शिक्षा, संयम और मध्यम मार्ग से स्थापित होगा आदर्श बौद्ध समाज : मेश्राम





### सामाजिक आदर्श स्थापित करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी

मेश्राम ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध और गुरु घासीदास के शिक्षा, संयम, मध्यम मार्ग, मैत्री प्रेम करुणा और संगठन की एकजुटता के साथ दृढ़ संकल्पित होकर आदर्श बौद्ध समाज की स्थापना करना हम सबका सामूहिक दायित्व व कर्तव्य है। इस अवसर पर महेंद्र गजभिये अध्यक्ष बौद्ध समाज चिखली, संजय नंदा संरक्षक, वीरेंद्र बोरकर संचालक सुकीति इंडिया न्यूज चैनल छत्तीसगढ़, डीपी नोन्हारे, प्रमोद कावडे वरिष्ठ समाजसेवी, एडवोकेट मनोज मून प्रदेश उपाध्यक्ष, राजू मेश्राम प्रदेश कोषाध्यक्ष, संतोष भीमटे प्रदेश सचिव, भागवत शेंडे, गौतम खोब्रागड़े, शरद वाघमारे दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ समाज का जागरूक होना जरूरी

विरेन्द्र बोरकर ने कहा कि वर्तमान के तकनीकी युग मे भी अनेक दकियानूस लोग समाज मे है जिनका पर्दाफाश कर सामाजिक कुरीतियो के खिलाफ समाज मे जागरुकता लाने का काम सुकीति इंडिया चैनल ने पूर्व मे भी किया है और भविष्य मे भी इस दिशा मे सतत प्रयासरत रहेंगे। डीपी नोंहारे पूर्व आईएफएस व प्रमोद कावडे ने कहा कि सिर्फ दिखावा करने से काम नही चलेगा धरातल पर रहकर नियमो का कर्मठता से पालन करके ही हम सच्चे बौद्ध बन सकते है। समारोह का संचालन विरेन्द्र बोरकर विनोद कुमार ने और आभार प्रदर्शन का भाषण महेंद्र गजभिये संजय नंदा अंजलि गजभिये आशा गजभिये ने किया। धम्म दीक्षा समारोह मे दीक्षित लोगो के अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्रो से आये अनेक लोग उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

## शिवनाथ नदी तट पर नए साल की अधूरी तैयारी



**दुर्ग।** पिछले 4 वर्षों से शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट पर नववर्ष के प्रथम दिन शिवनाथ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आयोजन के फीके रहने की आशंका है। वजह यह है कि बाढ़ के चलते नदी तट स्थित घाट को खासा नुकसान पहुंचा है, जिसका मेंटेनेंस अब तक नहीं कराया गया है। इसकी वजह से उत्सव के प्रभावित होने की आशंका बन गई है। इसे लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष वरुण जोशी ने विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल और जिला प्रशासन से मांग की है कि घाट के मेंटेनेंस का काम युद्ध स्तर पर कराया जाए। उन्होंने इसे लेकर ज्ञापन भी सौंपा है। जोशी ने बताया कि साल के पहले दिन सुबह से ही मेला लग जाता है। उत्सव का समापन शाम को दीपदान और महाआरती के साथ होता है। इस बार शिवनाथ महोत्सव की तैयारी करने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य रूप से बनारस और हरिद्वार की तर्ज पर महाआरती की तैयारी की जा रही है, लेकिन टूट-फूट और कचरे से घाट अटे होने की वजह से परेशानी हो रही है।

- आयोजन समिति की विधायक, महापौर और प्रशासन से मेंटेनेंस की गुहार

### सेल्फी जोन के साथ बस्तरिया पैटर्न में सजावट, होंगे 51 हजार दीपदान

जोशी ने बताया कि महाआरती स्थल पर इस बार भक्तों के लिए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। शिव मंदिर को बस्तरिया पैटर्न में सजाया जाएगा। 51000 दीपदान से घाट जगमगाए ऐसी तैयारी की जाएगी। बच्चों के लिए निःशुल्क झूले और जंपिंग शेड बनाए जाएंगे। विशेष रूप से नागपुर की टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी की जाएगी। और इस आयोजन के मुख्य आकर्षण बनारस की तर्ज पर 11 पंडितों द्वारा महाआरती की जाएगी। आयोजन स्थल पर 1 लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने की तैयारी है।

धर्म लाइव

## कान्यकुब्ज मंच का पारिवारिक परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को

**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के सेक्टर-1 भिलाई स्थित परिसर में 22 दिसंबर को कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का पारिवारिक परिचय सम्मेलन आयोजित है। आयोजकों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही साथ भारतवर्ष के अनेक राज्यों से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अनेक परिवारों का आगमन हो रहा है। पारिवारिक संबंधों का, संस्कारों को और अधिक सुदृढ़ीकरण बनाने की अनमोल धरोहर को निरंतर आत्मसात कर विस्तार का पूर्ण ध्यान रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजन का यह 29 वां वर्ष है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर तथा विशिष्ट अतिथि जनक प्रसाद पाठक, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम भिलाई होंगे। इस अवसर पर युवक- युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के 75 वर्ष पूर्ण कर चुके वृद्धजनों का सम्मान किया जाएगा। उन्हें कौस्तुभ सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक पत्रिका चेतना के 29 वें अंक का विमोचन भी किया जाएगा। साथ ही वैवाहिक बायोडाटा के लिए डिजिटल एप भी लॉन्च किया जाएगा। इस अवसर पर बीएसपी के पूर्व अधिकारी बृजमोहन कुमार बाजपेई द्वारा लिखित इस्पाती जीवन के रोमांचक अनुभव पुस्तिका भी विमोचित की जाएगी।

सिटी इवेंट

## टूरा फाउंडेशन का कैंडल मार्च प्रताड़ना के खिलाफ हो कार्रवाई



**भिलाई।** बेगलुरू में एआई विशेषज्ञ अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में टूरा फाउंडेशन ने निंदा करते हुए कैंडल मार्च निकालकर प्रोटेस्ट किया। कार्यकर्ताओं ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कालमेघ ने बताया कि अतुल सुभाष कथित तौर पर अपनी पत्नी एवं कई अन्य द्वारा अत्यधिक प्रताड़ित थे। उनके 24 पन्नों के सुसाइडल नोट के अनुसार उन्हें उनकी पत्नी, सास एवं जौनपुर यूपी की एक महिला द्वारा आत्महत्या के लिए उत्तेजित किया जाता था। पिछले कुछ समय में पुरुषों की आत्महत्या की दो खबरें आई हैं। इसमें बेंगलोर के कांस्टेबल एचसी तिपन्ना और नोयडा से मयंक चंदेल ने खुदकुशी की। दोनों ही घटनाएं निंदनीय है। उन्होंने बताया कि टूरा फाउंडेशन एक पुरुषों के अधिकार के लिए गठित संस्था है। सौरभ, अभिषेक यादव, लोकेश कुमार, द्वारिका साहू, तुलसी रेड्डी, सुरेश कुमार आदि 50 से ज्यादा लोग इससे जुड़े हुए हैं। उनका मानना है कि कई सालों से पुरुष एक पक्षीय कानून की मार झेलता है। सचिव अर्घो विस्वास ने कहा कि आवशयक हो गया है कि पुरुष आयोग का गठन किया जाएगा। सदस्य अभिषेक यादव ने कहा कि हालात तभी सुधरेंगे जब समाज में जागरूकता आएगी। कोषाध्यक्ष सौरभ बनर्जी का कहना है कि कभी भी किसी विवाद में बिना सभी पक्ष को सुने निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए।

● केएच ग्रुप ऑफ स्कूल ने धूमधाम से मनाया स्पोर्ट्स डे, विजयी प्रतिभागियों को मिला प्राइज

# टॉर्च लाइट की दौड़ और मशाल जलाकर खेल दिवस का आगाज, केला खाने व पानी पीने की दौड़ ने किया रोमांचित

**भिलाई।** केएच ग्रुप ऑफ स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फ्लैग होस्टिंग एवं आकाश में गुब्बारे छोड़कर हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि केके झा द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई। मार्च पास्ट का नेतृत्व कर रहे स्टूडेंट्स ने टॉर्च लाइटिंग की दौड़ लगाई और मशाल जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।इस अवसर पर केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन केके झा ने कहा कि आज बच्चे जिस तरह स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं, उन्हें देखकर काफी प्रसन्नता हो रही है। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल अपने एकेडमी नाम से मील का पत्थर पहले ही साबित कर चुका है। अब स्वच्छता के क्षेत्र में भी भिलाई नगर निगम ने इसे सर्वश्रेष्ठ स्कूल से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स एवं अन्य क्षेत्रों में भी हमारी भागीदारी बढ़ी है। सभी क्षेत्र में हमारे स्कूल की पोजीशन अच्छी है। जल्द ही हम स्कील डेवलपमेंट एजुकेशन की शुरुआत करने जा रहे हैं जो कि 12वीं के बाद स्टूडेंट्स को मिलती है। हम अपने स्टूडेंट्स को हर चीज सिखाएंगे। सीबीएसई की डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर एवं केएच मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा ने इस अवसर पर कहा कि स्पोर्ट्स भी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण भाग है। स्पोर्ट्स से हमें एकता और अनुशासन की सीख मिलती है। डायरेक्टर निश्चय झा एवं एकेडमिक डायरेक्टर सृष्टि झा ने कहा कि अगले वर्ष हम एक नई जगह पर भव्य स्पोर्ट्स डे का आयोजन करेंगे। जल्द ही हम इस जगह की घोषणा करेंगे।



### हनुमान का भेष धरकर बच्चों ने हनुमान चालीसा का किया पाठ

कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। हनुमान की परंपरागत वेशभूषा में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के नन्हे स्टूडेंट्स ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हें स्टूडेंट्स ने अंब्रेला डांस कर सबका मन मोह लिया। केएच मेमोरियल और केएच केसल के नर्सरी एवं केजी वन के बच्चों ने स्टेट डांस कर कर विभिन्न राज्यों की बोली, नृत्य, रहन-सहन और वेशभूषा की जानकारी दी। क्लास 6 एवं 7 के स्टूडेंट्स ने तुंबा डांस और मराठी डांस कर पैरेंट्स का दिल जीत लिया। केला खाने की दौड़ और बोतल में पानी भरने की दौड़ में नन्हें स्टूडेंट्स ने भाग लेकर सभी को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में पैरेंट्स के सामने भी एक प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें उन्हें बैलून फुला कर एक जगह से दूसरी जगह हवा में ले जाना था। पैरेंट्स ने इस खेल का लुत्फ़ उठाया।





**विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित, मिला पुरस्कार:** कार्यक्रम के अंत में खेल प्रतियोगिताओं में विजयी स्टूडेंट्स को अतिथियों द्वारा मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विजयी पैरेंट्स को भी प्राइज दिया गया। बेस्ट हाउस के रूप में गोदावरी हाउस को पुरस्कार मिला। अंत में सभी टीचर्स ने इतनी शक्ति हमें देना दाता... गीत गाया। तत्पश्चात नेशनल एंथम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। एंकरिंग स्टूडेंट्स शीतलपति, दिशा, अंचिता, जान्हवी, आकांक्षा, तान्या, उदिता एवं सुहानी ने किया। वोट फॉर थैंक्स निखिल अग्रवाल ने दिया।

निःशुल्क दवा भी बांटी

## रक्तदान शिविर का आयोजन, लोगों को जागरूक करने का लिया संकल्प

**भिलाई।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अल मदद सोसाइटी के साथ के बाहर से भी सभी लोगो ने बढ़-चढ़ कर हिसा लिया। सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली ने बताया कि लाइफ केयर ब्लड बैंक के सहयोग से यह शिविर जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामुदायिक सभागार में सुबह से शाम तक रखा गया था। रक्तदान करने वालों में सुधाकर जीरापुरे, दानिश अली, कौसर खान, मोहम्मद शाहनवाज, तहमीना कुरैशी, अलीमुद्दीन कुरैशी, बिल्किस ताहिरा, मोहम्मद अकबर,साहिल शेख, फहद सिद्दीकी, मोहम्मद सरफराज अंसारी और मोहम्मद फहीमुद्दीन शेख सहित अन्य लोग शामिल हैं। इस शिविर का पूरा इंतजाम सोसायटी की सचिव कौसर खान ने किया था। आयोजन में डॉ.अमरीन, नाहिदा खान, सायरा,, तहमीना, लीना तज़मीन, कैसर इकबाल, उपाध्यक्ष शबाना सिद्दीकी, साबरा, दिलशाद, बिलकिस, रुखसाना अली आयशा फरहीन, एस.एन शेख, तलत, शमीम शेख, अलीम, मोहम्मद अकबर और लाइफ केयर ब्लड सेंटर से अशरफ अली, आसिफ खान व फहीम शेख का विशेष योगदान रहा।



जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामुदायिक सभागार में आयोजन

### अनस चुने गए एसआईओ छत्तीसगढ़ के नए प्रदेश अध्यक्ष



**भिलाई।** भारतीय मुस्लिम युवा विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ़ इंडिया (एसआईओ) की छत्तीसगढ़ जोनल एडवाइजरी काउंसिल की चुनावी बैठक राजधानी रायपुर में हुई। जिसमें अनस खान को नया अध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव की प्रक्रिया में एडवाइजरी काउंसिल के सदस्यों ने गहन चर्चा के बाद अनस खान को अपना अध्यक्ष निर्वाचित किया। अपने निर्वाचन के बाद काउंसिल के सदस्यों को संबोधित करते हुए अनस खान ने कहा कि हमें संगठन के विस्तार और हम से जुड़े हुए सभी छात्रों और युवाओं की वैचारिक, बौद्धिक और नैतिक सुधार के काम करने की ज़रूरत है। इस चुनावी बैठक की अध्यक्षता के लिए फहीमुल्लाह खान (जनसंपर्क सचिव, जमात-ए-इस्लामी हिन्द, छत्तीसगढ़) उपस्थित थे। इसके साथ ही बैठक को ज़िया-उर-रहमान (प्रतिनिधि, एसआईओ इंडिया) ने संबोधित किया। इस बैठक में एसआईओ छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एसके अमानतुल्लाह के साथ ही इदरीस खान, मो. जुल्करनैन और साजिद अली भी उपस्थित थे।

सियान सदन राधिका नगर में आयोजन

## भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ का 10वां स्थापना दिवस समारोह 5 को



**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ का 10 वां स्थापना दिवस समारोह 5 जनवरी 2025, रविवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। सियान सदन राधिका नगर में महासंघ की प्रबंधकारिणी की संपन्न बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों पर केन्द्रित पत्रिका सियान पथ का प्रकाशन किया जाएगा। इस अवसर पर अलग-अलग विधाओं में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजक खेलकूद आदि का भी आयोजन किया किया जाएगा। समारोह में प्रदेश के मंत्रियों, क्षेत्रीय सांसद, विधायक, महापौर आदि जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। इस अवसर पर महासंघ के प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन, डा. रमेश श्रीवास्तव, महासचिव गजानंद साहू, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह सहगल, एसआर फूलमाली, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, बाबूलाल साहू, एन.पी. मिश्रा, श्रीमती छाया विश्वकर्मा, हुकुमचंद देवांगन आदि सहित महासंघ से संबद्ध सियान सदनों के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य गण उपस्थित थे।

मंत्री, सांसद व स्थानीय विधायक होंगे शामिल

गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर-6 का जयंती पर विविध आयोजन

# ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है... की वाणी जन-जन तक पहुंचाने लिया संकल्प

कार्नर न्यूज

समाज की प्रतिभाएं हुईं सम्मानित, एकजुटता का दिया संदेश

**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर-6 द्वारा बाबा घासीदास की जयंती पर विविद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष आरडी देशलहरे ने सबसे पहले सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। पवित्र गुरुगद्दी, आसन, तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर जयंती का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुबह से ही मेले जैसी भीड़ थी। पंथी नृत्य कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। विशेष रूप से पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे, विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा मौजूद थे। सासंद बघेल ने कहा कि गुरुघासी दास बाबा की अमर वाणी सत्य ही ईश्वर है ईश्वर ही सत्य है का संदेश जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बाबा गुरुघासी दास ने भी इसे जन-जन तक पहुंचाने हर संभव कोशिश की। समिति के कोषाध्यक्ष गया प्रसाद भास्कर ने बताया कि गुरु घासीदास की जयंती पर सतनाम भवन में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।



### विशाल भंडारा का आयोजन, सांसद भी हुए शामिल



कार्यक्रम में शांतिलाल मिर्चे, रमेश चंदवानी, राम कुमार मारकण्डे, रेशम लाल घृतलहरे, गरीब दास बंजारे, रूपेश बारले, प्रदीप कौशिक, अशोक कुमार सूर्यवंशी, सतीश डहरे, राजन कुमार खुटेल, हेमप्रकाश अनंत, टेकराम बंजारे, लोकेश भारती, नोहर सिह कुर्रे, दीपेन्द्र बघेल आदि मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दिवाकर गायकवाड़ ने दी।

### संजय नगर अहिवारा में धूमधाम से मनाई गई बाबा घासीदास 268 वीं जयंती

**भिलाई।** बाबा गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा अहिवारा संजय नगर के वार्ड क्रमांक-04 में स्थित सतनाम भवन प्रांगण में गुरु पर्व समारोह बड़े धूमधाम धाम से मनाया गया। गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा अर्चना के पश्चात पंथी नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुकुल श्रीवास्तव प्रबंधक जेके लक्ष्मी सीमेंट दुर्ग थे। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास ने जीवन पर्यंत समाज में भेदभाव और भाईचारे के अभाव को देखकर बहुत दुखी थे। उन्होंने इसके लिए कई कार्यक्रम चलाए। गिरौदपुरी में आश्रम बनाया। गुरु घासीदास ने सोनाखान के जंगलों में सत्य और ज्ञान की खोज के लिए लंबी तपस्या की। छुआछूत और सामाजिक कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया।छाया विधायक अहिवारा ओनी महिलांग के मांग पत्र पर सीएसआर से करने की स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने की। इस अवसर पर ओनी महिलांग, संजय दुबे, वकील टांडी, महंत मनीष बंजारे, हेमंत साहू, नागमणि साहू, उमेश बंजारे, कैलाश बंजारे, संतु जांगड़े सहित अन्य मौजूद थे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### वन डे ट्रॉफी क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत




**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा मेंस अंडर-23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी 2024 का आयोजन 15 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच गुरुवार को त्रिवेन्द्रम में सिक्किम अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। सिक्किम अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सिक्किम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 28.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 87 रन बनाये। सिक्किम की ओर से आरिफ ने सर्वाधिक 27 रन बनाये। उनके अतिरिक्त अर्नव ने 19 रन तथा रॉबिन ने 18 रन बनायें। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से वरुण सिंह भुई ने 5 विकेट तथा गौरव चतुर्वेदी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 88 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ ने 7 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ की ओर से आयुष पांडे ने 20 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाये, वहीं आशीष डहरिया ने 31 रन तथा प्रथम जाचक ने नाबाद 16 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### महिला क्रिकेट में ओडिशा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वुमेंस अंडर-19 तथा ओडिशा वुमेंस अंडर-19 के मध्य वनडे अभ्सास मैच गुरुवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच कटक में ओडिशा टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 161 रन बनाये। ओडिशा की ओर से अनन्या ने 28 तथा सुनीता ने 25 रन बनाये।

छत्तीसगढ़ टीम की ओर से अनम खान ने 3 विकेट लिए। राधिका नेताम, चांदनी कुमारी तथा दीपिका भगत ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 38.2 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से कल्पना पांडे ने 47 रन तथा मानसी उपाध्याय ने 35 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ ने मैच 4 विकेटों से जीत लिया।

### राज्य क्रॉस कंट्री अगले माह ऑनलाइन पंजीयन 31 तक



**रायपुर।** 22वी राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स स्टेडियम बहतराई, बिलासपुर मे 01 और 02 जनवरी किया जाएगा । यह प्रतियोगिता 4 आयु वर्ग अंडर-16, 18 और 20 बालक-बालिका और महिला/पुरुष वर्ग मे आयोजित होगा। प्रतियोगिता एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के मार्गदर्शन के अनुसार होगी। प्रतियोगिता से चयनित 32 खिलाड़ी को 12 जनवरी को आर्मी गोल्फ कोर्स, मेरठ (उत्तर प्रदेश) में होने वाली 59वी राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भाग लेंगे। पुरुष, महिला, 20 वर्ष से कम बालक एवं बालिका , 18 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका, 16 वर्ष से कम बालक एवं बालिका इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं । केवल छत्तीसगढ़ के खिलाडी ही प्रतियोगिता मे भाग ले सकते है। उपरोक्त प्रतियोगिता के लिए पंजीयन ऑनलाइन छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की वेबसाइट cgathletics.co.in मे किया जा सकता है । ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है. ऑनलाइन के अलावा किसी अन्य माध्यम से भेजी गई एंट्री स्वीकार नहीं की जाएंगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर रात के 11:59 बजे तक होगी I मेरिट और भागीदारी प्रमाणपत्र केवल पात्र एथलीटों को जारी किए जाएंगे। प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजन सचिव हेमंत सिंह परिहार, आयोजन सचिव पी जी जय कृष्णन, सहायक आयोजन सचिव गुरमीत अठवाल एवं दीपक साहू होंगे ।

वक्त से पहले बूढ़ा और कमजोर बना देती है हमारी गलतियां

# हड्डियों को खोखला होने से बचाना है तो छोड़िए इन आदतों को, रहिए चिंतामुक्त

जाने अनजाने में हम कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिसकी वजह से युवा अवस्था में ही हमारी हड्डियां कमजोर हो जाती है। जानते हैं क्या हैं वो गलतियां।सेहतमंद रहने के लिए बोन हेल्थ का ध्यान रखना भी जरूरी होता है। लेकिन अक्सर जब बात सेहत की आती है तो हम बोन हेल्थ पर ध्यान ही नहीं देते हैं।

यही गलती हमे वक्त से पहले बूढ़ा और कमजोर बना देती है। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां कर देते हैं जिसका असर हमारे बोन हेल्थ पर पड़ता है। यही वजह है कि आज युवा अवस्था में ही लोग जोड़ों के दर्द से परेशान रहते हैं। जानते हैं उन गलत आदतों के बारे में जिसकी वजह से हड्डियां खोखली हो जाती है।बोन हेल्थ को नुकसान पहुंचाती हैं आपकी ये आदतें

हड्डियों के हेल्थ के लिए सूरज की रोशनी काफी जरूरी है। यह विटामिन डी को बढ़ावा देती है। विटामिन डी हमारी हड्डियों की रक्षा करता है और शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। अगर आप सूरज की रोशनी पर्याप्त मात्रा में नहीं लेते हैं तो विटामिन डी की कमी होती है और ऐसे हड्डियां कमजोर हो जाती है।

अगर आप सेडेंटरी लाइफ जीते हैं,बॉडी का मूवमेंट कम करते हैं तो आपकी हड्डियां कमजोर हो सकती है। दरअसल जितना अधिक आप अपनी हड्डियों को हिलाएंगे, वो उतनी ही मजबूत होंगी। व्यायाम करने से न सिर्फ आपकी मांसपेशियां मजबूत होती है,बल्कि हड्डियां भी मजबूत होती हैं।



अगर आप हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो दिनभर चलें,दौड़ें,एक्सरसाइज करें।

सिगरेट पीना न केवल आपके फेफड़ों के लिए नुकसानदायक है, बल्कि यह हड्डियों के लिए भी हानिकारक है। स्मोकिंग करने से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ सकता है। स्मोकिंग ओस्टियोब्लास्ट यानी कि जो कोशिकाएं नई हड्डी का निर्माण करती हैं उनकी गतिविधि को प्रभावित करती हैं जिसके परिणामस्वरूप हड्डी कमजोर हो जाती है।

शरीर का स्वस्थ वजन बनाए रखना जरूरी है लेकिन कुछ लोग जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लेते हैं। ऐसा करने से भी हड्डियों पर असर पड़ता है। 18.5 से कम बॉडी मास इंडेक्स ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को बढ़ा सकता है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन न करना,पर्याप्त मात्रा में नींद न लेना और अल्कोहल का सेवन करना भी बोन डेंसिटी पर असर डालता है। ये सब कुछ कैल्शियम के अवशोषण पर असर डालता है।



# ग्रह दोष से मुक्ति के लिए पौष माह में घर के मंदिर में रखा करें ये फूल



पौष माह में ग्रहों की स्थिति भी परिवर्तित होती है जिसका शुभ-अशुभ प्रभाव जीवन में नजर आने लगता है। इस साल भी पौष माह के दौरान ही धनु राशि में सूर्य का प्रवेश हुआ है।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें गेंदे का फूल

गेंदे का फूल सभी देवी-देवताओं का प्रिय माना जाता है। वहीं, यह किसी एक नहीं बल्कि नव ग्रहों का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसे में घर के मंदिर में गेंदे का फूल रखने से ग्रह दोष तो दूर होगा ही, पर साथ में पारिवारिक क्लेश का भी नाश होगा।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें गुलाब का फूल

गुलाब का संबंध राहु से माना जाता है। ऐसे में अगर राहु दोष से छुटकारा पाना हो या फिर राहु से शुभता प्राप्त करनी हो तो पौष माह में घर के मंदिर में गुलाब का फूल रखें। इससे राहु का दुष्प्रभाव कम होगा और शुभता घर में आएगी।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें अपराजिता का फूल

अपराजिता का फूल शनि देव को प्रिय है। ऐसे में शनि देव की कृपा पाने के लिए और शनि दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में पौष माह में अपराजिता का फूल रखें। ऐसा करने से साढ़े साती और ढैय्या में भी राहत मिलेगी।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें कनेर का फूल

पौष माह में घर के मंदिर में कनेर का फूल रखने से पूजा में समृद्धि और आशीर्वाद का संचार होता है। यह फूल पूजा में सौभाग्य और ऐश्वर्य लाने का प्रतीक माना जाता है। कनेर का फूल मंदिर में रखने से शिव कृपा भी होती है।

### ग्रह दोष से मुक्ति के लिए घर के मंदिर में रखें कमल का फूल

कमल का फूल मां लक्ष्मी का माना जाता है। ऐसे में पौष माह में घर के मंदिर में कमल का फूल रखने से न सिर्फ ग्रह दोष दूर होता है बल्कि मां लक्ष्मी की कृपा होती है और घर की आर्थिक स्थिति भी तेजी से सुधरने लगती है।

# सूखे नारियल को साल भर स्टोर करने के अमेजिंग टिप्स जानें



मिठाई बनाने के लिए सबसे पहले नारियल का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए हर किसी की रसोई में नारियल रहता ही है, लेकिन कुछ दिनों के बाद यह खराब होने लगता है। अगर ऐसा हो रहा है, तो कुछ टिप्स यकीनन मददगार साबित हो सकते हैं।

### अच्छा नारियल खरीदें

इसलिए हमेशा नारियल के खोल पर चेक करें और ध्यान रखें कि एक अच्छा सूखा नारियल हमेशा मजबूत, बिना दरार या टूट-फूट के होना चाहिए। वहीं, अगर नारियल का खोल टूटा हुआ या फटा हुआ है, तो वह जल्दी खराब हो सकता है।

### साफ और सूखा रखें नारियल

अगर आप चाहते हैं कि नारियल लंबे समय तक फ्रेश रहे, तो कोशिश करें इसे सूखी जगह रखने की। स्टोर करने से पहले नारियल को अच्छी तरह साफ करें और इसे पूरी तरह सुखा लें। अगर यह जरा भी गीला होगा, तो नारियल कुछ ही दिन में खराब हो जाएगा।

### एयरटाइट कंटेनर का इस्तेमाल करें

नारियल रखने से पहले कंटेनर को अच्छी तरह से साफ कर लें, ताकि किसी भी तरह की नमी या बैक्टीरिया न रहें। वहीं, अगर आपके पास ज्यादा सूखा नारियल है, तो उसे छोटे हिस्सों में करके अलग-अलग कंटेनरों में स्टोर करें।

### वैक्यूम तकनीक अपनाएं

अगर आपके पास ज्यादा सूखा नारियल है, तो वैक्यूम सीलिंग इसे खराब होने से बचाने का सबसे भरोसेमंद तरीका है। इसे इस्तेमाल करने से पैकेट से हवा पूरी तरह से निकल जाती है और फिर उसे सील कर देती है। कहा जाता है कि इस तकनीक से सूखे नारियल की शेल्फ लाइफ को 6-12 महीने तक बढ़ा सकती है। यह खासतौर पर बड़ी मात्रा में नारियल स्टोर करने के लिए अच्छा है।अगर आप चाहें तो नारियल को कद्दूकस करके भी रख सकते हैं। ऐसा करने से मिठाइयों, करी या अन्य व्यंजनों में इसका इस्तेमाल करना बहुत आसान हो जाएगा।



# कॉर्नर स्पेस को यूं ना करें वेस्ट इन तरीकों से काम में लाएं

घर सजाते समय हमें हर स्पेस को मैक्सिमम तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकिए कई बार हम घर के कॉर्नर स्पेस को इस्तेमाल नहीं करते हैं। जिससे अपनी पसंद की हर चीज को घर का हिस्सा नहीं बना पाते हैं।

आज के समय में अधिकतर लोग घर में पर्याप्त जगह ना होने की शिकायत करते हैं। उनके साथ ऐसा इसलिए होता हैए क्योंकि वे अपने घर के सभी स्पेस को इस्तेमाल नहीं करते हैं। इन्हीं में से एक है कॉर्नर स्पेस। जिसे अक्सर यूं ही खाली छोड़ दिया जाता है। हमें समझ ही नहीं आता है कि इस कॉर्नर स्पेस को किस तरह इस्तेमाल किया जाए।

कॉर्नर स्पेस आपके घर के लिए एक बेहद ही यूजफुल स्पेस होता हैए जिसे आप कई अलग.अलग तरीकों से काम में ला सकते हैं। इस कॉर्नर स्पेस की मदद से आप घर के इस हिस्से को आप अपनी पसंद का कोना बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपके साथ कॉर्नर स्पेस को यूटिलाइज करने के कुछ आइडियाज शेयर कर रहे हैं.

### किड्स रूम का कॉर्नर स्पेस

अगर कॉर्नर स्पेस को यूटिलाइज करने की बात हो तो वह घर के नटखट बच्चों के बेहद काम आ सकता है। जी हांए यहां पर आप चॉकबोर्ड या फिर व्हाइट बोर्ड बनाएं। साथ हीए वहां पर एक फ्लोटिंग शेल्फ बनाएं। जिससे वहां पर चॉक व डस्टर रखा जा सके। इस तरहए यह कोना बच्चों का फेवरिट स्पेस बन जाएगा और वे वहां पर जी भरकर अपनी क्रिएटिविटी उकेर पाएंगे।



### किचन का कॉर्नर स्पेस

अगर किचन का कॉर्नर स्पेस खाली पड़ा है तो ऐसे में आप वहां पर हैंगिंग पॉट भी लटका सकते हैं। इन हैंगिंग पॉट में आप पैन आदि आसानी से हैंग कर सकते हैं। इस तरह किचन में आपको स्पेस प्रोब्लम नहीं होगी। इसके अलावाए यहां पर आप कुछ हैंगिंग प्लांटर लगाकर हर्ब गार्डन भी तैयार कर सकते हैं। इन हर्ब्स की जरूरत आपको हर दिन किचन में होती ही है।

### लिविंग रूम का कॉर्नर स्पेस

लिविंग रूम के कॉर्नर स्पेस को कई अमेजिंग तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो लिविंग रूम के कॉर्नर स्पेस में कोई आर्ट वर्क या फिर फ्रेम की गई तस्वीरों को बेहद खूबसूरती के साथ लगा सकती हैं। इसे लिविंग एरिया का ओवर ऑल लुक बदल जाता है। इसके अलावाए लिविंग रूम में ग्रीनरी एड करने के लिए कॉर्नर स्पेस में इनडोर प्लांट्स भी रखे जा सकते हैं।

### बाथरूम का कॉर्नर स्पेस

अगर आपका बाथरूम छोटा है तो आपको कॉर्नर स्पेस को कई अलग.अलग तरीकों से यूटिलाइज करना चाहिए। मसलनए आप बाथरूम के कॉर्नर में फ्लोटिंग शेल्फ बनवा सकते हैं और उसे बाथरूम स्टोरेज व डेकोरेटिव आइटम्स रखने के लिए इस्तेमाल करें।



कार्नर न्यूज

नए साल की तैयारी अभी से करना जरूरी

# दिसंबर खत्म होने से पहले कर लें ये जरूरी काम, आने वाला साल आपके लिए होगा शुभ

साल का आखिरी महीना यानी दिसंबर चल रहा है और बस कुछ ही दिनों में नए की शुरुआत हो जाएगी। ऐसे में नए साल के शुरू होने से पहले ही लोगों ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। कई लोग आने वाले साल को बेहतर बनाने के लिए नए-नए संकल्प ले रहे होंगे। साथ ही कुछ लोग ये सोच रहे होंगे कि ऐसा क्या किया जाए, जिससे उनका आने वाला साल बेहतर हो सके। यदि आप भी नए साल को बेहतर बनाने के लिए सोच रहे हैं तो नया साल शुरू होने से पहले कुछ काम जरूर कर लें। इन कार्यों को करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होंगी और सालभर धन-धान्य की कमी नहीं होगी। चलिए जानते हैं उन उपायों के बारे में...



### तुलसी

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को पवित्र और पूज्यनीय माना गया है। तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास होता है। ऐसे में यदि नए साल में मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं तो दिसंबर खत्म होने पहले घर में तुलसी का पौधा जरूर लगाएं। साथ ही नियमित रूप से नियमों को ध्यान में रखते हुए इसकी सुबह-शाम पूजा करें। इससे हर कार्य में सफलता मिलती है।

### गोमती चक्र

दिसंबर खत्म होने पहले घर में गोमती चक्र ले आएं और इसे अभिमंत्रित करके धन के स्थान पर रखें। ऐसा करने से सालभर बरकत बनी रहती है। साथ ही ये सुख, समृद्धि, स्वास्थ, धन लाभ देता है और बुरे प्रभावों पूरे परिवार की रक्षा करता है।

### दक्षिणावर्ती शंख

दिसंबर खत्म होने से पहले दक्षिणावर्ती शंख खरीदकर लाएं और शुभ मुहूर्त में विधिवत पूजा करके लाल कपड़े में लपेटकर तिजोरी या धन स्थान पर रख दें। ये लक्ष्मी को भी आकर्षित करता है।



### लाफिंग बुद्धा

वास्तु शास्त्र के अनुसार लाफिंग बुद्धा को शुभ माना जाता है। इसे घर में रखना बेहद शुभ होता है। जहां लाफिंग बुद्धा की मूर्ति होती है वहां हमेशा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस मूर्ति को आप घर या दुकान के उत्तर पूर्व दिशा में रख सकते हैं।

